राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

रांची और पटना से एक साथ प्रकाशित

8



वर्ष 12 अकं :198 रांची (झारखंड) मंगलवार,29 अप्रैल 2025 पेज - 08 मूल्य: 2 RNI NO- JHAHIN/2013/54373

## भगवान परशुराम जी अधर्म के खिलाफ़ जंग के ध्वज वाहक हैं :नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने भीतर छुपे हुए परशुराम जी को पहचानें। अपने अंदर के साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें, क्योंकि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए ऐसे भाव और आदर्शों की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन में सत्य, निष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो। मुख्यमंत्री आज भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर जिला पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा, सुरेंद्र नागर, रेखा शर्मा, ?कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व मंत्री विनोद शर्मा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल हमारे लिए सांस्कृति?क और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है, बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी



प्रतीक है, जो समय- समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करती रही है। भगवान परशुराम जी अधर्म के खिलाफ़ इसी जंग के ध्वज वाहक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत- विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जीवनभर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। हमारी सरकार भी भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम जी ने शिक्षा के साथ साथ शस्त्र विद्या में भी राष्ट्र को समृद्ध किया है, उसी प्रकार आज हमें भी आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक शक्ति को भी सशक्त करना होगा। हमारी परंपराएं, हमारी भाषा, हमारी संस्कृति ये सब हमारी आत्मा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जी जैसे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। भगवान परशुराम जी ने धर्म की स्थापना का जो मंत्र दिया ।

## महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी का ड्रीम बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट 2028 तक पूरा होगा : मुख्यमंत्री फडणवीस

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मुंबई में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट 2028 तक पूरा हो जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में बुलेट ट्रेन का काम रुका हुआ था, लेकिन अब उनकी सरकार के दौरान एक बार फिर बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है, जिसे तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में कोई भी पाकिस्तानी लापता नहीं है। महाराष्ट्र में रह रहे सभी पाकिस्तानियों की पहचान की जा चुकी है, उन्हें वापस उनके देश भेजने की प्रकिया चल



रही है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना 508 किलोमीटर लंबी है। बुलेट ट्रेन के शुरू होने के बाद मुंबई से अहमदाबाद की यात्रा मात्र 2 घंटे 7 मिनट में पूरी हो जाएगी। यह परियोजना महाराष्ट्र, गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगी। राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) इस परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। जापान की शिंकानसेन तकनीक पर आधारित यह ट्रेन 320 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी, जबकि इसकी अधिकतम गति 350 किमी प्रति घंटा है। महाराष्ट्र में इस परियोजना के लिए 154.76 किलोमीटर लंबा मार्ग है, जिसमें मुंबई (बीकेसी), ठाणे, विरार और बोईसर स्टेशन हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में कोई भी पाकिस्तानी लापता नहीं है। हमारे पास सभी की सूची है। पाकिस्तान से महाराष्ट्र आए नागरिकों की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि केंद्र के आदेश का पालन करने वाले पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़ देंगे।इससे पहले उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि महाराष्ट्र में 107 पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं। इन सभी को तत्काल पुलिस को सूचित कर देना चाहिए। वर्ना महाराष्ट्र सरकार इन सभी लापता पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ निकालेगी और कठोर कार्रवाई करेगी। एकनाथ शिंदे के इस व्यक्तव्य के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबरें चल रही थीं। इसी वजह से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस संबंध में आज खुलासा किया है।

## श्री केदारनाथ धाम के लिए पंचमुखी डोली रवाना, दो मई को खुलेंगे कपाट

**रूद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** श्री केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली सोमवार को सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ समारोहपूर्वक धाम के लिए प्रस्थान कर गई। डोली आज पहले पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेगी। केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को प्रातः सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। सेना के बैंड के बीच डोली यात्रा का शुभारंभ रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इससे पहले पंचमुखी उत्सव मूर्ति का पंच स्नान कराकर डोली में विराजमान कराया गया और उसे सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए



पहुंचे। डोली यात्रा के मार्ग में उखीमठ, संसारी, विद्यापीठ और गुप्तकाशी बाजार में श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी कतारबद्ध होकर डोली के दर्शन के लिए उपस्थित रहे। मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि डोली आज विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेगी। 29 अप्रैल को गुप्तकाशी से फाटा, 30 अप्रैल को फाटा से गौरीकुंड और एक मई को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी और शाम तक पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि केदारनाथ धाम में भी मंदिर समिति के अग्रिम दल ने यात्रा पूर्व तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिर क्षेत्र में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, भोग मंडी की साफ सफाई, मंदिर समिति कार्यालय, पूजा कार्यालय, दर्शन पंक्ति की सामान्य मरम्मत, पुजारीगणों एवं कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था संबंधित कार्य किये गये हैं।

## मुंबई पुलिस ने अल्पकालिक वीज़ा पर आए 17 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा

**मुंबई।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद महाराष्ट्र में पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मुंबई पुलिस ने राज्य में अल्पकालिक वीज़ा पर रह रहे 17 पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित कर दिया है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 17 पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक और मेडिकल वीज़ा पर यहां आये थे। इन सभी को 26 और 27 अप्रैल को उचित प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद वापस भेज दिया गया है। जो लोग चिकित्सा उपचार करवा रहे थे, उन्हें 29 अप्रैल तक का समय दिया गया ताकि वे अपनी निकासी औपचारिकताएं पूरी कर सकें। अधिकारी ने बताया कि करीब 260 पाकिस्तानी नागरिक, जिनके पास भारतीय नागरिकों से विवाह या पाकिस्तानी नागरिकों से विवाह करने वाली लेकिन तलाकशुदा या विधवा होने के बाद भारत लौटने जैसी विभिन्न शर्तों के तहत दीर्घकालिक वीजा है, इसलिए वे शहर में ही रहेंगे। इसी तरह ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों से अल्पकालिक वीजा पर रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात

### पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी गई है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। इसके तहत नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। इससे जुड़े समझौतों पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाएंगे। फ्रांस के रक्षा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से



बातचीत में शामिल होंगे। इस सब घटनाक्रम के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गंभीर वार्ता हुई है। गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना पिछले चार दिनों से नियंत्रण रेखा के उस ओर से गोलीबारी कर रही है। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। गोलीबारी का यह सिलसिला पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ है।

इस बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। रक्षा मंत्री और जनरल अनिल चौहान की यह मुलाकात भी करीब 40 मिनट तक चली। माना जा रहा है कि इस दौरान आतंकवाद के खात्मे को लेकर जनरल अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री को सैन्य रणनीति और तैयारियों से अवगत कराया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की यह मुलाकात दिल्ली में रक्षा मंत्री के आवास पर हुई थी।

माना जा रहा है कि रक्षा मंत्री के आवास पर पहुंचे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने भारतीय सैन्य बलों की तैयारियों पर रक्षा मंत्री को जानकारी दी थी। रक्षा तैयारियों को लेकर दिल्ली में बीएसएफ के अधिकारी भी मौजूद रहे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय गए थे।

## पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाले भारत : असदुद्दीन ओवैसी

- **'पहलगाम में जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया, वे पाकिस्तान में मौजूद हैं।'**

**एजेंसी**

**छत्रपति संभाजीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है। आम हो या खास, हर कोई पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से यही मांग है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए, तभी उनको समझ में आएगा। असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'वैष्णो देवी के पास एक स्थान है, जहां पिछले साल



जुलाई में 60 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इसलिए, एक निवारक नीति पर विचार करने की आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक में पूरे विपक्ष ने सरकार से कहा कि आप कार्रवाई करें, जो भी आपको सही लगे, हम आपका समर्थन करेंगे ताकि मरने वालों के परिवारों को न्याय मिल सके और ऐसी घटना दोबारा न हो। इसलिए हम सरकार का पूरा समर्थन कर रहे हैं।'उन्होंने आगे कहा, 'पहलगाम में जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया, वे पाकिस्तान में मौजूद हैं। उनको वहीं से ही पूरा सपोर्ट मिलता है और इसके बाद आतंकी बॉर्डर पार करके पहलगाम में आए और आतंकी हमले को अंजाम दिया। इससे पहले, जब मुंबई में 26/11 अटैक हुआ था, तो पाकिस्तान ने अपना हाथ होने से इनकार किया था, लेकिन जब कसाब पकड़ा गया, तो उन्हें स्वीकार करना पड़ा। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार क्या रुख लेगी, ये उनके ऊपर है। हमारा मानना है कि आतंकियों को रोकने और उन पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।' असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर भी निशाना साधा।

## मणिशंकर अय्यर के बयान को भाजपा ने बताया असंवेदनशील

- **'यह वही मणिशंकर हैं, जिन्होंने कभी पाकिस्तान से प्रधानमंत्री मोदी को हराने में मदद मांगी थी।'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर घमासान मच गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए उनके बयान को असंवेदनशील बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को पूरे देश ने देखा है और इसे लेकर लोगों में व्यापक आक्रोश है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में और अपने %मन की बात% में स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई थी और बहुत ही सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सभी ने मौन रखकर सरकार को कड़ी



कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की एक बड़ी आतंकवादी घटना है, जहां लोगों को उनके धर्म के आधार पर गोली मार दी गई। उन्हें कहा गया, 'तुम हमारे धर्म के नहीं हो, तुम हिंदू हो, और गोली मार दी गई। कुछ लोगों को तो कलमा न पढ़ पाने के कारण भी गोली मार दी गई। इसके बावजूद कांग्रेस के कुछ नेता पीड़ितों के इस दावे पर सवाल उठा रहे हैं कि आतंकवादियों ने उनका धर्म नहीं पूछा। रविशंकर ने कहा कि यहां तक कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि हम अभी भी विभाजन के परिणामों के साथ जी रहे हैं। यह वही मणिशंकर हैं, जिन्होंने कभी पाकिस्तान से प्रधानमंत्री मोदी को हराने में मदद मांगी थी। यह बेहद असंवेदनशील है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता सदन राहुल गांधी ने सार्वजनिक बयान दिया है कि हम सरकार के कदमों के साथ हैं। यही एक परिपक्व लोकतंत्र की मजबूती भी होती है।

## भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद का सौदा पूरा

### इस सौदे से भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए सोमवार को 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर हो गए। नई दिल्ली में भारत में फ्रांस के राजदूत के बीच हुए इस सौदे से भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी।भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। भारत और फ्रांस ने आज 26 राफेल मरीन विमान खरीदने के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के बड़े सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने इसी माह 09 अप्रैल को फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। इससे भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी। फ्रांस को अनुबंध के तहत सौदे पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 37 महीनों के भीतर पहला राफेल मरीन विमान देने की बाध्यता होगी। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत के लिए बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट की जगह फ्रांसीसी राफेल मरीन को चुना है। भारत और फ़्रांस के बीच इस बारे में लम्बे समय से चल रही बातचीत पूरी हो चुकी है। पहले इस वित्तीय वर्ष में ही सौदे पर हस्ताक्षर करने की योजना थी, लेकिन संसद के बजट सत्र के कारण इसमें देरी हुई है। भारतीय नौसेना के मल्टी-रोल कैरियर बोर्न फाइटर के लिए आपातकालीन खरीद नीति के तहत सरकार-से-सरकार सौदे के माध्यम से 26 एयरफ्रेम प्राप्त किए जाएंगे। पहले इस तरह के 57 विमान खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में यह संख्या घटाकर 26 कर दी गई है।

## आबकारी घोटाला और फर्जी चालान के मामले में इंदौर-भोपाल-जबलपुर में ईडी का छापा

**एजेंसी**

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी विभाग में फर्जी चालान मामले में सोमवार सुबह मध्य प्रदेश के तीन शहरों में इंदौर, भोपाल और जबलपुर में शराब ठेकेदारों के घर और दफ्तरों में छापेमारी की है। जबलपुर में शराब ठेकेदार



जायसवाल और चौकसे ग्रुप के घर और दफ्तर में ईडी की टीम ने दबिश दी है, जबकि इंदौर में एक साथ 18 जगहों पर छापे मारे। जिन जगहों पर छापे पड़े, उनमें ज्यादातर शराब कारोबारी शामिल हैं। ईडी की टीमों ने बसंत विहार कॉलोनी, तुलसी नगर और महालक्ष्मी नगर जैसे इलाकों में कार्रवाई में जुटी है। भोपाल में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। टीम ने मौके से शराब ठेके से जुड़े दस्तावेज, बैंक डिटेल और कम्प्यूटर हार्ड डिस्ट व लैपटाप जब्त किया है। सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई फर्जी बैंक चालान और आबकारी विभाग में हुए घोटाले को लेकर की जा रही है। यह घोटाला सबसे पहले साल 2018 में सामने आया था। आरोप है कि शराब कारोबारियों ने आबकारी विभाग के अफसरों के साथ मिलकर करोड़ों का घोटाला किया। माना जा रहा है कि घोटाले की रकम 100 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यूपी से पाकिस्तानियों को वापस भेजा गया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और पल-पल मॉनीटरिंग का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उसपर नजर रखी जा रही है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिए । इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिये। इस



पर मुख्यमंत्री ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हें उनके देश रवाना किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह अपने वतन लौट गये हैं। योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिये गये। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की गयी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप प्रदेश में रह रहे शत प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों के वतन वापसी को पुख्ता करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भेजा गया। वर्तमान में प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है, जिसे 30 अप्रैल को पाक भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के सख्त निर्देश और सीधी मॉनीटरिंग से उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां पर पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके देश भेज दिया गया है। वह अपने देश ही जाएं, इसके लिए पुलिस दल को भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मांडर,सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत

**दिव्य दिनकर संवाददाता**



मांडर - एनएच 75 में निमार्णाधीन मुरगु पूल के निकट रविवार की रात को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार दिलीप कुजूर 42 वर्ष की मौत हो गयी. मृतक चान्हो के बड़का हुटार गांव का रहने वाला था. घटना रात करीब 11 बजे की है. बताया जा रहा है दिलीप कुजूर पिता जूलियस कुजूर रातू के कमड़े स्थित पेट्रोल पंप में नोजलकर्मी का काम करता था. वह रविवार की शाम को करीब सात बजे नाइट ड्यूटी करने के लिए शाम करीब सात बजे घर से पेट्रोल पंप गया था. जहां उसने आठ बजे से दस बजे तक अपनी ड्यूटी की और वहां से अपनी बाइक जेएच 01सीपी-0189 में घर वापस लौट रहा था. इसी क्रम में रास्ते में मुरगु पुल के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार हादसे के बाद किसी की नजर नहीं पड़ने पर दिलीप कुजूर का शव व बाइक मुरगु पुल के निकट सड़क किनारे पड़ा रहा. सोमवार को सुबह में वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने मांडर पुलिस को सड़क किनारे शव पड़ा होने की सूचना दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसकी बाइक के आधार पर मृतक की पहचान की. परिजनों के मुताबिक मृतक दिलीप कुजूर पिछले आठ दस साल से कमड़े स्थित पेट्रोल पंप में काम करता था और उसके के चार बच्चे हैं. दिलीप कुजूर ने रविवार को मांडर चर्च में उसने अपनी एक पुत्री का परम प्रसाद ग्रहण संस्कार कराया था!

### जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 123 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया



**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःअमड़ापाड़ा प्रखंड के शामपुर आंगनबाड़ी केंद्र एवं आंगनबाड़ी छोटापहाड़पुर, पाकुड़िया प्रखंड के फूलोपानी एवं हिरणपुर प्रखंड के मणिढंगा में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 123 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० मिथलेश सिंह, डॉ०अमरेश कुमार, डॉ बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ० कुलेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। हेल्थ कैंप के साथ साथ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को पौष्टिक भोजन /संतुलित आहार /व्यायाम/ के बारे में भी बताया गया।

### प्रभारी डीपीएम ने पाकुड़ प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं के स्थल का निरीक्षण किया




**रिपोर्ट - अविनाश मंडल**

पाकुड़ःपाकुड़ प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई० पंचायत आनंद प्रकाश द्वारा सदर प्रखंड पाकुड़ के झिकरहट्टी (पश्चिम)ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। भस्मक, सेग्रीगेशन बिन, हैंडवाश निर्माण का किया निरीक्षण। लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जन शिकायत में जल जमाव को लेकर प्राप्त आवदेन के आलोक में किये जा रहे नाली निर्माण का भी किया निरीक्षण। हर घर जल निकासी के पास सोक पिट निर्माण हेतु किया गया निर्देशित।

### गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए हर दिन पाकुड़ जिला के विभिन्न प्रखंडों में चापानल एवं जलमीनार की मरम्मती की जा रही है

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ःपाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए हर दिन पाकुड़ जिला के विभिन्न प्रखंडों में चापानल एवं जलमीनार की मरम्मती की जा रही हैं, उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में चापानल की मरम्मति की जा रही हैं, उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए इसके निराकरण हेतु जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मति लगातार हर दिन कराई जा रही है। जिस कड़ी में दिनांक- 27 अप्रैल 2025 को पाकुड़ प्रखंड में कुल 6, हिरणपुर 02 लिट्टीपाड़ा प्रखंड में कुल 04, अमड़ापाड़ा प्रखंड में कुल 0, महेशपुर प्रखंड में कुल 09, पाकुड़िया प्रखंड में कुल 00 चापानल एवं 03 जलमीनार की मरम्मती की गई। दिनांक 01.04.25 से अबतक जिला में कुल 652 चापानल एवं 134 जलमीनार को ठीक किया गया है।

### व्यवहार न्यायालय का निर्देश: अनुसंधानकर्ता की गवाही के लिए वेतन/पेंशन रोका गया

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ःपाकुड़ नगर थाना कांड संख्या-462/2013 से उत्पन्न सत्रवाद संख्या-125/2022 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह की अदालत ने पुलिस महानिरीक्षक को निर्देश दिया है कि अनुसंधानकर्ता खुददी कुजूर का वेतन/पेंशन उनकी गवाही होने तक रोक दिया जाए। खुददी कुजूर को माननीय न्यायालय में उपस्थित कराने के लिए पुलिस महानिरीक्षक ने एसपी पाकुड़ को निर्देश दिया है। अगली तिथि 21.05.2025 को उक्त अनुसंधानकर्ता की गवाही हेतु निर्धारित की गई है।

# देवघर-मोहनपुर रेलखंड पर बनेगा महेशमारा हॉल्ट स्टेशन, सांसद निशिकांत दुबे ने किया शिलान्यास

**1.86 करोड़ की लागत से बनेगा महेशमारा हॉल्ट स्टेशन**

**सुमन की कलम से**

देवघर। रेल संपर्क को सशक्त बनाने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के तहत देवघर और मोहनपुर स्टेशनों के बीच प्रस्तावित महेशमारा हॉल्ट स्टेशन की आधारशिला शनिवार को रखी गई। गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने आसनसोल मंडल रेल प्रबंधक चेतना नंद सिंह एवं वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में आधारशिला पट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शिरकत कर परियोजना का जायजा लिया। करीब 1.86 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस हॉल्ट स्टेशन के चालू होने पर दुमका और गोड्डा की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें यहाँ ठहरेंगी। इससे महेशमारा सहित बैजनाथपुर, बांधा, कुंडा, करनीबाद, बिलासी, झौंसागढ़ी, ठाढ़ी, आमगाछी, विशनपुर, बांदा और



सिंगारडीह जैसे इलाकों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही माँग को पूरा करते हुए यह स्टेशन क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति देगा। स्टेशन के रणनीतिक स्थान से न केवल यात्रा सुगम होगी बल्कि माल-ढुलाई भी आसान हो सकेगी। मौजूदा रेलवे लेवल क्रॉसिंग से उत्पन्न हो रही परेशानियों में भी कमी आने की उम्मीद है। साथ ही दूरस्थ स्टेशनों पर निर्भरता घटेगी और स्थानीय स्तर पर ही रेल सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे परियोजना के प्रति जनसमर्थन भी साफ दिखाई दिया। यह परियोजना पूर्व रेलवे द्वारा क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## मां सरस्वती जी के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूम धाम से मनाई जाएगी

**विद्या की देवी मां सरस्वती जी के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह,तैयारियां पूरी।**

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

रांची -विद्या की देवी मां सरस्वती जी का नव निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा* समारोह 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को गुरुकृपा पब्लिक स्कूल जतरा मैदान,दयालनगर,पिस्कामोड़ मे धूमधाम से मनाई जाएगी। मां सरस्वती जी के नवनिर्मित मंदिर का निर्माण विद्यालय परिसर में ही किया गया है इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह कि अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक रत्नेश सिंह सोलंकी करेंगे।उन्होंने बताया 29 अप्रैल 2025 को प्रायश्चित संस्कार,कलश यात्रा,मंडप प्रवेश,वेदी पूजन,मूर्ति का अन्नाधिवास,पुष्पा घिवास,फलाघिवास , महाआरती,प्रसाद वितरण एवं 30 अप्रैल को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा,हवन,पूणाहुति,महा आरती एवं महाभंडारा का आयोजन होगा। विद्वान पुजारी रवि शास्त्री जी के द्वारा भव्यरूप से पूजा अर्चना कराई जाएगी।दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे रंगारंग धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस



समारोह में अतिथि के रूप में निम्नलिखित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी, रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, विधायक रांची सी.पी.सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, अल्पसंख्यक आयोग( झारखंड स्टेट मैन्युरिटीज कमीशन) के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा ). ज्योति सिंह मथारू, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक कुमार रामधीन, समाजसेवी मुकेश काबरा, लायंस क्लब रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,लायन प्रेम शंकर मिश्रा, अंकशास्त्री अभिषेक पांडे, छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय कुमार पाठक, वाणिज्यकर पदाधिकारी रांची नवीन प्रसाद साहू, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के व्याख्याता ईभाना चक्रवर्ती, झारखंड रत्न डॉक्टर आर.के. हाजरा(वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाईन स्पेशलिस्ट), आस्था चैनल एवं टी.सीरीज गायिका वीणाश्री, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के निदेशक चंदेश्वर सिंह उर्फ नंदू जी, वरीय अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य, लक्की एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू, छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं संरक्षक रवि मेहता आदि उपरोक्त समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के निम्नलिखित लोगों की उपस्थिति रहेगी। स्वप्निल सिंह सरस,रानी किंगर,कोमल जसूजा,अनिता राय,पायल चक्रवर्ती, निशा शहदेव,विक्की घोष,पूनम प्रसाद, अंकिता डे सरकार, सुजाता तिवारी,मधु सिंह,रामप्रवेश दुबे, रिंकी पांडे, प्रीति कुमारी,मौसमी घोष,सोनू गोप,अर्जुन गोप,दीपक कुमार,अनीता टोप्पो,पम्मी ठाकुर,उषा वर्मा,लाली उरांव,निशा उरांव,नंदन कुमार, बिरज कुमार,काव्या कुमारी,तराना प्रिया आदि।

## जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की



**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःअमड़ापाड़ा सोमवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत व्यय राशि, पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, जलमीनार/ चापाकल की मरम्मती, टैंकर क्रय एवं संचालन की स्थिति, विद्यालय/ आगंबाड़ी केंद्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आगंबाड़ी केंद्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन एवं रॉयल्टी डीएमएफटी / लेबर सेस की समीक्षा कर पदाधिकारियों एवं मुखिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा प्रमोद गुप्ता, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी जिल्लूर रहमान, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थें।

## वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया गया

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःपाकुड़ जिले के सदर प्रखंड पाकुड़ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने बताया कि वर्तमान सरकार वृद्ध जनों के कष्ट निवारण हेतु राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के साथ अब राष्ट्रीय वयोश्री योजना लाई है।जिससे वृद्धि जनों के उठने-बैठने, चलने-फिरने एवं देखने-सुनने में सहायता मिल सके। एलिमको के ऑडियोलॉजिस्ट ने बताया कि आज इस शिविर में 96 दिव्यांग एवं 28 वरिष्ठ नागरिक का जांच की गई, कुल 124 लोगों की जांच की गई। जांच के उपरांत सभी 124 लाभुक का सहायक उपकरण के लिए चिह्नित किया गया।




राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्रा इस प्रकार है:- आधार कार्ड ( 60 वर्षीय एवं अधिक होने चाहिए) आय प्रमाण पत्र मासिक आय (15000 रूपया अधिकतम) नोटःलाभार्थियों द्वारा तीन वर्षों के दौरान भारत सरकार/ राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के अंतर्गत किसी शासकीय/ अशासकीय अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त न किया गया हो एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्रा इस प्रकार हैं (1) यू.डी.आई.डी. कार्ड न्यूनतम (दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक)। (2) आधार कार्ड। (3) आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22,500/ अधिकतम।)

## देवघर के पत्थरड्डा में श्री श्री 1008 रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ का भव्य आयोजन

**हजारों श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा, विधायक चुन्ना सिंह हुए शामिल**

**देवघर**। जिले के पत्थरड्डा गांव में श्री श्री 1008 रामचरितमानस नवाह परायण पाठ महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान शैलेश पांडे सपत्नीक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का नेतृत्व किया। यज्ञाचार्य आचार्य कुंदन शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव की पवित्र नदियों से जल भरा गया। यात्रा में हजारों श्रद्धालु पुरुष-महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य अतिथि में सारठ के विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने यज्ञ मंडप में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए धार्मिक आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और



सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। विशिष्ट अतिथियों में गौतम रवानी प्रखंड प्रमुख, सारठ,रवींद्रनाथ तिवारी सचिव, यज्ञ समिति,

**नंदकिशोर तुरी मुखिया सह यज्ञ समिति अध्यक्ष**

डॉ. हलधर यादव पूर्व मुखिया,महेंद्र सिंह, नीलकंठ यादव, ललन तिवारी, प्रकाश यादव, बिष्णु देव यादव, गिरधर गोपाल पंडित,सोहन बिस्टू कोषाध्यक्ष, यज्ञ समिति,रामकिशोर यादव, अशोक राय, मुकेश यादव, राजू बिस्टू, बबलू तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभा यात्रा



**मंडरो:** हाजीपुर फौजदारी दुर्गा पूजा समीप स्तिथ पंचमुखी वीर बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़। जय श्री राम के जयकारे से क्षेत्र हुआ भक्तिमय। मुख्य यजमान बुटूल उर्फ उमाशंकर मिश्र द्वारा बताया गया की बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तीस अप्रैल 2025 को होगी। मौके पर हाजीपुर फौजदारी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष सुमित कुमार यादव (बंटी यादव) ,उपाध्यक्ष संजय पासवान ,कोषाध्यक्ष दीपक यादव, सचिव चंद्रशेखर यादव ,उप कोषाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष विनोद बिहारी यादव, सुधांशु यादव, राजेश पासवान, भिखन यादव, मुकेश कुमार उर्फ (भवेश यादव)पप्पू यादव , चंद्रशेखर शर्मा, सदानंद शर्मा, नवल किशोर चौरसिया, मोहन यादव, मुन्ना यादव, मुकेश पासवान , पप्पू यादव, चंद्रशेखर, और हाजीपुर फौजदारी दुर्गा मंदिर पूजा समिति के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## देवीपुर: कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सभी का तबादला

**बीडीओ सीओ ने अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय पहुंचाने का किया अपील**

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला, अंचलाधिकारी खोपलाल राम, बीपीओ वीणा हेलेन टुडू ने कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधि व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किए। सभी तरह की जानकारी नए शिक्षकों और वहां के कर्मी को दिए। गत 23 अप्रैल को एक छात्रा की मौत के बाद सभी अभिभावकों ने अपने अपने बच्चे को वापस घर ले गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला, अंचलाधिकारी खोपलाल राम, बीपीओ वीणा हेलेन टुडू ने ने सभी अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपने अपने बच्चे को कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय




भेजे ओर पठन-पाठन सुचारू रूप से करवाएं ताकि बच्चे की भविष्य उज्ज्वल हो। विभाग की ओर से घटना बाद वार्डेन, शिक्षक, गार्ड व अन्य कर्मी को हटा दिया है। वहीं सभी के जगह नए वार्डेन, शिक्षक, गार्ड व कर्मी को योगदान कराया गया। मागोमुंडा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डेन पार्वती मरांडी को यहां किया गया। जबकि यहां के वार्डेन पिंकी मंडल को वहां भेजा गया। कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मधुपुर के शारीरिक शिक्षिका मंजू एक्का को यहां किया गया। जबकि शारीरिक शिक्षिका स्नेहा यादव को वहां भेजा गया। वहीं लेखपाल संतोष कुमार बीआरसी देवीपुर को अतिरिक्त प्रभार दिया गया। जबकि पहले का मधुपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का लेखापाल को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया। रात्रि प्रहरी महेंद्र दास मोहनपुर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय से यहां किया गया। जबकि रात्रि प्रहरी जयदेव मंडल को पालोजोरी कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय भेजा गया। जबकि महिला होमगार्ड नीरादी मुर्मू, सूरजमुखी हेंब्रम यहां भेजा गया। वहीं तेजस्वी कुमारी, आमवती कुमारी दूसरे जगह भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंगबली मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ हेतु भूमि पूजन 30 अप्रैल को

**28 मई से 6 जून तक चलेगा नवाह पारायण महायज्ञ, अयोध्या के पंडित करेंगे अनुष्ठान**



**देवघर।** जिले के कोरियासा गांव स्थित कपिध्वज समाज द्वारा बजरंगबली मंदिर परिसर में रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ की सफलता के लिए 30 अप्रैल 2025 को भूमि पूजन का शुभ मुहूर्त तय किया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम विशेष रूप से अयोध्या से आमंत्रित प्रतिष्ठित पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही महायज्ञ की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ हो जाएगा। महायज्ञ के दौरान नौ दिनों तक श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### करोंग्राम में भव्य कलश यात्रा के साथ बाबा धर्मराज मंदिर प्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ



**करों, देवघर**

सोमवार को अनुमंडल के करों प्रखंड के धार्मिक गांव करोंग्राम में नवनिर्मित आकर्षक बाबा धर्मराज मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 250 कुमारी कन्याओं ने भाग लिया। साथ ही सालतर, गोविंदपुर, सिरिया, रानीडीह, केन्दवेरिया, डूमरतर, रान्हा, आलमपुर, चौरबेरिया, कमलकर जांत और प्रतापपुर समेत दर्जनों गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कलश यात्रा बाबा धर्मराज मंदिर से प्रारंभ होकर दे टोला, मिसिर टोला स्थित बाबा कर्णेश्वर मंदिर, मुदी टोला, बनिया टोला, चंडी मोड़ होते हुए राजा पोखर पहुंची। वहां विधि-विधान के साथ कलशों में जल भरा गया। इस अवसर पर काशी से आए पंडित आचार्य रामानुज, आचार्य मुकुंद पांडेय, आचार्य संतोष पांडेय, दीपक त्रिवेदी, आयुष पांडेय, पंडित कालीदास आचार्य और परेश शर्मा ने कन्याओं से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संकल्प कराया। कलश जल को बाद में विधिपूर्वक बाबा धर्मराज मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'धर्म की जय हो', 'अधर्म का नाश हो', 'विश्व का कल्याण हो', 'बाबा धर्मराज की जय' जैसे नारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इस अवसर पर सामूहिक पूजा-पाठ का आयोजन भी हुआ तथा कन्याओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सपत्नीक अजय कुमार सिंह, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विष्णु चौधरी, सचिव महादेव सिंह, कोषाध्यक्ष शरदेन्दु सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारवां का सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण




**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर.आज डॉक्टर युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन , देवघर तथा डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, देवघर के निदेशानुसार देवघर जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , सारवाँ के सी0एच0सी0 एन0 सी 0 डी0 क्लिनिक तथा अन्य तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण जिला एमसीडी कोषांग, देवघर की टीम रवि कुमार सिन्हा, रवि चंद्र मुर्मू अभिषेक कुमार लाल प्रखण्ड लेखा प्रबंधक, समुदायिक स्वास्थय केंद्र सारवाँ के आलोक कुमार एवं ई संजीवनी से प्रोजेक्ट मैनेजर, शिव शंकर कुमार के द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगीचा, कुशमाहा एवं लश्करडीह का निरीक्षण किया गया। उक्त भ्रमण में एन0 सी0 डी0 एवं ई- संजीवनी अंतर्गत चलने वाले सभी फैसेलिटीज का जायजा लिया गया। उक्त भ्रमण के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारवाँ का पूर्ण सहयोग रहा मौके पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारि उपस्थित थे।

### खेल से जुड़े संसाधन और खिलाड़ियों की प्रतिभा पर दे विशेष रूप से ध्यानः- उपायुक्त

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा जिले में खेल विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं का समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में बन रहे प्रखंड स्तरीय स्टेडियम के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इस्के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जिला खेल पदधिकारी को निदेशित किया गया कि देवघर जिला अन्तर्गत प्रखंडस्तरीय स्टेडियम के निर्माण, मरम्मती व जीर्णोद्धार हेतु किए जा रहे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराए। साथ ही जिन प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण हो चुका है, उसे प्रखंड स्तर पर संचालन समिति का निर्माण करते हूऐ आमलोगों के प्रयोग हेतु उपलब्ध कराया जाय। इसके अलावे देवघर जिला अंतगर्त कुमैठा स्टेडियम में हो रहे निर्माण कार्य से अवगत हूए तथा जिला खेल पदधिकारी को निदेश दिया कि तय समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न कराया जाय। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों कक निर्देशित किया कि राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के सुविधाओं के प्रति काफी गंभीर है। इसी दिशा में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम व संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों के प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। *बैठक में उपरोक्त के अलावे* जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने अंकित गुप्ता के आश्रितों के बीच किया किशोरी समृद्धि योजना वितरण

## राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के स्वीकृति पत्र मिला

**दिव्य दिनकर:संवाददाता**




टंडवाःचतरा ।ब21 मार्च को चतरा शहरी क्षेत्र में दिभा मोहल्ला चतरा के रहने वाले अंकित गुप्ता नामक युवक की हत्या हुई थी। मृतक अंकित गुप्ता के आश्रित मां और बहनों ने जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त श्री रमेश घोलप से मिल सरकारी मदद की गुहार लगाई थी। उपायुक्त ने आश्रित के मामले को संज्ञान में लेते हुए आज समाहरणालय कार्यालय कक्ष में किशोरी समृद्धि योजना के तहत 20 हजार एवं राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 20 हजार का स्वीकृति पत्र और छोटी बहन के पठन पाठन हेतु इंदुमती टिबरेवाल में नामांकन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा मृतक अंकित गुप्ता की बहन को वाह्यस्रोत के आधार पर नौकरी दिलाने का कार्य किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा उनके तीन बहने, मां और बीमार पिता को कम से कम तकलीफ हो उसके लिए उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया गया है और आगे भी जिला प्रशासन द्वारा नियमसंगत मदद के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उक्त मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, मृतक अंकित गुप्ता के परिवार के सदस्य, इलेक्ट्रिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य उपस्थित थे।

# चेतना विकास ने बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु चलाया जागरूकता अभियान

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर.बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्यरत चेतना विकास द्वारा देवघर में अक्षय तृतीया और शादी के मौसम को देखते हुए बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाए गए. इस अभियान के तहत विवाह संपन्न कराने वाले पंडितों को बाल विवाह के खतरों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया, जिसे सभी धर्मगुरुओं ने सराहा और इस अभियान को समर्थन देते हुए बाल विवाह न कराने की शपथ ली. गौरतलब है कि चेतना विकास, देशभर में बाल अधिकारों के लिए कार्यरत सबसे बड़े नागरिक समाज नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (JRC) का एक सहयोगी संगठन है, जो 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' अभियान चला रही है. देवघर जिले में चेतना विकास ने प्रशासन के सहयोग से 2023-24 में ही 250 से ज्यादा बाल विवाहों को सफलतापूर्वक रोका है. संस्था की निदेशिका रानी कुमारी ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (PCMA), 2006 के तहत यह एक दंडनीय अपराध है, जिसमें शामिल किसी भी व्यक्ति–चाहे वह बाराती हो, हलवाई, डेकोरेटर या विवाह संपन्न कराने वाला पंडित या मौलवी–को दो साल तक की सजा या जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि बाल विवाह असल में बच्चों के साथ हिंसा और शोषण है, और अठारह वर्ष से कम आयु की बच्ची से विवाह के बाद यौन संबंध बनाना पॉक्सो एक्ट के तहत बलात्कार माना जाता है. इस अभियान में पंडितों और मौलवियों के बढ़ते सहयोग के साथ-साथ सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 को रामराज आश्रम देवघर में 32 गाँव के युवक एवं युवतियों ने बाल विवाह नहीं करने और ना करने देने का शपथ लिया.

# स्वस्थ एवं सबल राष्ट्र की परिकल्पना - एक राष्ट्र - एक धर्म

## गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथयात्रा कर रहा सनातनी संगठन,

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर,गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से भारत परिभ्रमण को निकली चारों दिशाओं में ज्योति कलश रथयात्रा गायत्री शक्तिपीठ डाबरग्राम पहुंची जहां गायत्री परिवार तथा सनातनी श्रद्धालुओं द्वारा दिव्य ज्योति कलश का भव्य स्वागत किया गया। गायत्रीतीर्थ हरिद्वार के आध्यात्मिक प्रतिनिधि बुधन प्रसाद बर्मा के सानिध्य में स्वस्तिवाचन के साथ गुरू गायत्री कलश एवं परमपूज्य गुरुदेव के तप साधना का साक्षी अखंड दीप - ज्ञान ज्योति का सामूहिक वैदिक मंत्रों से पूजन संपन्न हुआ। विचार क्रांति की ज्ञान ज्योति को घर घर पहुंचाने के उद्देश्य से ज्योति कलश रथयात्रा का काफिला पायलट वाहन के मार्गदर्शन में ज्योति कलश रथ रोहिणी पहुंची। देवघर क्षेत्र स्थित रोहिणी बाजार, हटिया रोड, गांधी चौक, पोस्ट आफिस रोड,बसमता ग्राम, सत्संग नगर मुख्य द्वार,अम्बेदकर चौक, बरनवाल धर्मशाला, देवघर पुलिस लाइन, बेलाबगान में आयोजित आयोजन में सैकड़ों परिवार को सामूहिक रूप से देवस्थापना कराया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपसमन्वयक उमाकान्त राय ने बताया कि आध्यात्मिक प्रवक्ता प्रतिनिधि बुधन बर्मा ने शांतिकुंज का संदेश देते हुए कहा कि ज्योति कलश रथयात्रा एक आयोजन नहीं आन्दोलन है। युग निर्माण के लिए भावनात्मक अभियान है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य रचित सैकड़ों पुस्तकों का निःशुल्क वितरण करते हुए गायत्री साधना, गायत्री यज्ञ-हवन के लिए प्रोत्साहित किए। ज्योति कलश रथ में राष्ट्र की संप्रभुता के लिए राष्ट्रीय ध्वज तथा आध्यात्मिक जागरण के लिए धर्म ध्वज लगाया गया है। राष्ट्र है तो हमारा धर्म है। आयोजन को सफल बनाने में जिला समन्वयक बरूण कुमार, मुख्य ट्रस्टी देवनारायण रजक, ब्रह्मचारी ज्ञान प्रकाश, शोभा बरनवाल, निशा देवी, निशा कुमारी, रेणु देवी, कांति देवी आदि दर्जनों परिजन सक्रिय रहे।

# मजदूर नेता स्वर्गीय अनिरुद्ध आजाद की मनाई गई आठवीं पुण्यतिथि

**संघर्ष और आंदोलन का प्रतीक आजाद जी एक पर्यायवाची थे- संजय कुमार शर्मा**

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर-मजदूर नेता और जेपी आंदोलन के सिपाही स्व अनिरुद्ध आजाद की 8वी पुण्य तिथि मनाई गई ।इस दौरान मौके पर पहुंचे लोगों ने स्व आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया ।वहीं इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जेएमएम देवघर जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा शामिल थे ।स्व आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्री शर्मा ने कहा कि झामुमो देवघर जिला के पुर्व जिला अध्यक्ष,झारखंड आन्दोलन और जे पी आन्दोलन के अगुआ स्व अनिरुद्ध आजाद जी को उनके 8 वी पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि कोटि नमन करता हूँ ।90 के दशक मे जब ये झामुमो देवघर का जिलाध्यक्ष थे तब मे देवघर प्रखंड अध्यक्ष था ।आन्दोलन कैसे हो,गरीबो की लड़ाई कैसी लडी जाय,जमीनी स्तर पर आम जनता को कैसे जागरूक किया जाय मैने इनसे बहुत ही बारीकी से सिखा है ।ये हमारे राजनीतिक गुरू है जिनकी चर्चा कर हम प्रेरित होते रहते है ।बीडी मजदुरो को हक दिलाना,चौकीदार लोगो का हक दिलाना,असंगठित क्षेत्र के मजदूरो को हक दिलाना इनकी संघर्ष का उपलब्धि रहा है ।जब आप पिछे मुड़कर देखेगे तो पायेगे कि समाहरणालय गेट पर कोई शख्स भुख हड़ताल,आमरण अनशन,जुलूस लेकर बैठा है तो वह शख्स आजाद जी ही होते थे ।संघर्ष और आन्दोलन का प्रतीक आजाद जी एक पर्यायवाची थे।

# स्कूल रुआर 2025 (Back to school) कार्यशाला की शुरुआत बरुण कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी,जिला परिषद सदस्य, आदिल अजीम ने द्वीप प्रज्वलन कर किया

**दिव्य दिनकर संवाददाता**




चान्हो - चान्हो प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट+2उच्च विद्यालय ओपा में आज प्रखंड स्तरीय ₹बैक ३ङ्क स्कूल ₹कार्यक्रम में सभी आगंतुकों को फूल के पौधा देकर स्वागत किया गया। चान्हो प्रखंड के 104 स्कूलों के हेडमास्टर, प्रखंड के मुखिया गण एवं शिक्षा विभाग के दर्जनों कर्मी शामिल हुए। इस कार्यशाला में संबोधित करते हुए बीडीओ बरुण कुमार ने स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव पर हेडमास्टरो को बहुत सारी ट्रिक बताए। साथ ही फ्री के तहत बच्चों के अधिकार पर विशेष जोर दिया। किसी भी स्थिति में बच्चों स्कूल से बाहर नहीं होती चाहिए। सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यकम में मदद करने की अपील की। जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने सभी हेडमास्टर को स्कूलों में सभी टीचर जिनको टोला दिया गया है उनको अपनी टोला के बच्चों को स्कूल से जुड़े रहने की जिम्मेदारी देने की बात कही, साथ ही स्कूलों में शैक्षिक को बेहतर करने हेतु भी सभी टीचरों को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। कार्यशाला में रघुनाथपुर के मुखिया महादेव भगत ने जनप्रतिनिधियों को स्कूलों के प्रति सहयोग करने को कहा, साथ ही पंचायती राज्य व्यवस्था से मिलने वाली सभी सुविधाओं को स्कूल में देने की बात कही। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज ने किया ।इस अवसर पर बीपीओ निर्मल बड़ाइक, लेखापाल सह ऑपरेट 'श्याम सुन्दर चौबे बरपबीआरपी मो मुर्तजा, इफ्तेखार अहसन, रोहित कुमार, सतीश कुमार सिंघ, सज्जाद अहमद राधाकांत पांडे के अलावे सैकड़ों टीचर उपस्थित थे।

आज सभी आगंतुकों के द्वारा स्कूल परिसर में 10 फुल के पौधे भी लगाए गए।

# जवाहरलाल लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव पर एबीवीपी के कार्यकताओं ने मनाया जश्न

**23 काउंसिल मेंबर सहित संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी की जीत कैंपस में राष्ट्रभाव के उत्थान का प्रतीक**



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा देश के सबसे चर्चित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। जिला सहसंयोजक कमल कश्यप और नगर मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन इस बात का प्रतीक है कि अब जेएनयू में वामपंथ अवसान की ओर है। विभिन्न संकायों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता काउंसिल मेंबर पद पर विजय हुए हैं। नगर सह मंत्री अमन कुमार, विशाल कुमार और सूरज कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद वर्षभर शिक्षा जीवन के लिए और जीवन वतन के लिए इस भाव से कार्य करती है। इसलिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं को अपना बहुमूल्य मत देकर शानदार प्रदर्शन किया है। जीडी कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रहलाद कुमार एवं को-ऑपरेटिव कॉलेज इकाई अध्यक्ष छोटू कुमार ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता इस बात के लिए संघर्ष करते हैं कि शिक्षा क्षेत्र भ्रष्टाचार से मुक्त हो। इसलिए छात्र-छात्रा हमारी विचारधारा को पसंद करते हैं। इसी कारण देश के विभिन्न परिसरों में हमारी जीत होती है। जीडी कॉलेज सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार एवं नगर सोशल मीडिया संयोजक सचिन कुमार ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता 9 वर्ष बाद इतना शानदार प्रदर्शन किया है। इसके मूल में विद्यार्थी परिषद की भारत केंद्रित विचारधारा एवं सेवाभाव है। इस अवसर पर रोशन कुमार, अनमोल, आकाश कुमार, नितीश कुमार, मंजेश, सौरभ, अभिषेक, अमन, सुमित, आशीष, उज्जवल, कुश, अंकित शिवम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अतिपिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ महारैली को सफल बनाने पर बैठक

**नन्दकिशोर दास**



बेगूसराय ब्यूरो। अतिपिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ महारैली मिलर हाई स्कूल पटना में सफल बनाने को लेकर सोमवार को बाघा स्थित महानगर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल का एक दिवसीय बैठक समाजवादी नेता कपिलदेव राय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जिलेभर के नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पूर्व वार्ड पार्षद शंभू महतो को अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। शंभू महतो को बुके और माला पहनाकर बधाई दिए। बैठक को संबोधित करते हुए शंभू सहनी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के द्वारा जो सहनी समाज को आजादी दिलाई, यह समाज सदैव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू जी के विचारों पर चलने का कार्य करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल राज्य में एकमात्र पार्टी है, जो सत्ता में हिस्सेदारी अतिपिछड़ों को दिलाने का कार्य किया है। पिछडे समाज को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक न्याय के महानायक तेजस्वी प्रसाद यादव कटिबद्ध है। कार्यक्रम को महानगर जिला अध्यक्ष शिवजी महतो, विशन देव सहनी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में रामसागर सहनी, अर्जुन साह, बूटन साह, राजेश कुमार राय, रोहित कुमार राय, किशोर कुमार, चंद्रचूड़ राय, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन पासवान इत्यादि दर्जनों नेता उपस्थित थे।

# अब धर्मगुरुओं भी संभालेगे बाल विवाह की रोकथाम का कमान

**साहिबगंजः**जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन मंथन ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जाएगा जागरूकता अभियान मंथन के निदेशक बिपलव महतो ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह,बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के साहिबगंज में सहयोगी संगठन मंथन की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है।और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाएंगे। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन मंथन ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में 378 बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब ह्यव्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेजह्न में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है ।मंथन संस्था के निदेशक बिप्लव महतो ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व ज़ुमार्ना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त साहिबगंज के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

# मोदी से निराशा और राहुल से उम्मीदें बढ़ीं

## विचार

> मोदी के पास मीडिया है। और इन 11 सालों में यह साबित हो गया है कि मीडिया का प्रोपेगंडा इतना ताकतवर है कि वह एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को पप्पू और जिसकी डिग्री में संदेह हो उसे बड़ा चिंतक विचारक बता सकता है। मोदी के पास मीडिया के साथ अपनी पार्टी की सोशल मीडिया टीम है और एक बड़ा भक्त समुदाय है। यह तीनों मिलकर मोदी के गिरते ग्राफ को थामने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कैंडिल लाइट प्रदर्शन किया।

**शकील अख्तर**

यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कैंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही। चीजें बदल रही हैं। इसे आप टर्निंग पाइंट भी कह सकते हैं। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद आम लोगों को प्रधानमंत्री मोदी से निराशा हुई है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। राहुल गांधी भी अपना विदेशी दौरा छोड़कर भारत लौटे और प्रधानमंत्री मोदी भी। राहुल सीधे कांग्रेस की शीर्ष ईकाई सीडब्ल्यूसी की बैठक में गए। जहां पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि दी गई। आतकंवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का कांग्रेस का संकल्प दोहराया गया। और पूरे देश की एकजुटता की बात कही गई। इसके बाद राहुल उस आल पार्टी मीटिंग में गए जिसे कांग्रेस की मांग के बाद बुलाई तो केन्द्र सरकार ने थी मगर खुद प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए। खैर! नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्टेट्समेनशिप ( बड़े नेता, देश के नेता) का परिचय देते हुए सरकार को बिना शर्त पूरा सहयोग देने का वादा किया। यहां यह बात बताना जरूरी है कि इससे पहले कभी ऐसी घटना में बीजेपी जब विपक्ष में होती थी तो सरकार को सहयोग देना तो दूर उल्टे सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर देती थी। मगर राहुल ने कहा कि सरकार जो भी कदम उठाएगी हम उसका साथ देंगे। उसके बाद राहुल अगली सुबह कश्मीर पहुंच गए। वहां अस्पताल जाकर घायलों से मिले। अपनी पार्टी के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिले। नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो कर सकते थे किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी। विदेश यात्रा से लौटकर न तो किसी मृतक के परिवार से मिले, न घायलों से। न कश्मीर गए। न आल पार्टी मीटिंग में आए। किया क्या?





बिहार चले गए। जहां विधानसभा चुनाव होना है। वहां एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हंस-हंस कर बातें करते हुए फोटो और वीडियो सामने आए। यहीं से वह टर्निंग पाइंट बनना शुरू हो गया जहां मोदी पीछे और राहुल आगे दिखने लगे। मगर यह इतना आसान नहीं। जनता में भावनाएं आई हैं। मगर यह सामने आएं इसके लिए कांग्रेस को काम करना पड़ेगा। मोदी के पास मीडिया है। और इन 11 सालों में यह साबित हो गया है कि मीडिया का प्रोपेगंडा इतना ताकतवर है कि वह एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को पप्पू और जिसकी डिग्री में संदेह हो उसे बड़ा चिंतक विचारक बता सकता है। मोदी के पास मीडिया के साथ अपनी पार्टी की सोशल मीडिया टीम है और एक बड़ा भक्त समुदाय है। यह तीनों मिलकर मोदी के गिरते ग्राफ को थामने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कैंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही। यह आयोजन किस का था? कांग्रेस का। राहुल गांधी इसमें शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सौ से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि। मगर उनके आतंकवाद के खिलाफ का प्रदर्शन कांग्रेस हाई लाइट नहीं कर पाई। यह गलती इस समय नहीं होना चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की कोई भी पहल इस समय जनता बहुत उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है। कांग्रेस में गुटबाजी और केवल 'मैं ही मैं हूं' बड़ी समस्या है। खुद राहुल कह चुके हैं। और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे भी। मगर उसे दूर करने के लिए कुछ नहीं कर रहे। और इसका नुकसान इन दोनों को ही होगा। कोई कांग्रेस के गुटबाज, छोटे-छोटे स्वार्थों में लगे लोगों से जवाब नहीं मांगेगा। जवाब इन दोनों शीर्ष नेताओं को ही देना होगा। मगर यह दोनों कुछ क्यों नहीं करते हैं। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। मोदी अपने सबसे विपरीत समय में भी नरेटिव ( कहानी ) बनाने के लिए कुछ करेंगे। लेकिन कांग्रेस जागेगी इसमें लोगों को संदेह है। लोग अभी भी वही पुरानी बात कहते हैं कि कांग्रेस सोचती है कि लोग जब मोदी से परेशान हो जाएंगे खुद उसके पास आएंगे। लोग आ रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। मगर कांग्रेस जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है उसे भी पार्टी के रूप में अधिक सक्रिय होकर सामने आना होगा। राहुल बहुत मेहनत करते हैं। खरगे जी इस उम्र में जितना काम कर रहे हैं इतनी उम्र का किसी भी पार्टी का कोई नेता नहीं कर रहा है। 83 साल के होने वाले हैं। बीजेपी का सारा प्रचारतंत्र इस समय भरभरा कर गिर गया है। मोदी जी कुछ भी बोलते रहते थे। नोटबंदी से आतंकवाद खतम हो गया। कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद हो गया। घर में घुस कर मारेंगे। लाल आंखें। सब की असलियत लोगों के सामने आ गई। और उस पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ पाकिस्तान को भी एक पलड़े में रखकर मोदी की यह मेरा दोस्त वह मेरा दोस्त माई डियर ट्रंप सब दावों की हवा और निकाल दी। ट्रंप ने बहुत गलत बोला। दोनों को समान दोस्त बता दिया। और कश्मीर मामले को 1500 साल पुराना बता दिया। आतंकवाद पर हम पीड़ित हैं। पाकिस्तान कश्मीर में करीब चार दशक से आतंकवाद चला रहा है। वह उत्पीड़क है। उसके साथ हमें रख देना एकदम गलत है। लेकिन प्रधानमंत्री कोई विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले भी जब भारतीयों को हथकड़ी बेड़ी डालकर वापस भेजा गया तब भी। मनमाना टैरिफ लगाया गया तब भी। मोदी को सामने बिठाकर भारत के खिलाफ बोला गया तब भी। पता नहीं अब भी समझ में आएगा कि नहीं। काहे के लिए खुद को विश्व गुरु बोलते थे! 11 साल सिर्फ हिन्दू-मुसलमान किया। क्या हुआ उससे? नौकरी, महंगाई, देश की अर्थ व्यवस्था, जनता की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं, उनके बच्चों की सरकारी स्कूलों की मुफ्त शिक्षा छोड़िए, क्या जिस पर सारा जोर था वह आतंकवाद खतम हो गया? चीन की तो बात ही करना बेकार है। वह तो अंदर घुसकर गलवान में हमारे 20 जवानों को शहीद कर गया। और प्रधानमंत्री ने उन्हें क्लीन चिट दे दी कि न कोई आया हो न कोई घुसा है। और सबसे खराब बात कि पाकिस्तान जिस का पक्ष लेने की अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने कोशिश की थी तो उस समय की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे उसी पाकिस्तान को आज अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ बराबरी पर रख रहे हैं। और हम चुप हैं। बातों ही बातों को समय ने पूरा एक्सपोज कर दिया। जनता की समझ में आ रहा है। मगर जनता खुद से कुछ नहीं कर सकती है। उसे प्रेरित करते रहना पड़ेगा। दूसरी बात कांग्रेस को पहले चुनाव जीतना सीखना पड़ेगा। सब परिस्थितियां हैं। चुनाव आयोग का पक्षपात। वोटर लिस्ट में धांधलियां, ईवीएम में गड़बड़ियां सब हैं। मगर कांग्रेस की अपनी कमजोरियां? हम नहीं कह रहे खरगे और राहुल खुद कह चुके हैं। गुटबाजी, कांग्रेस में आधे बैठे भाजपाई, काम नहीं करना, सब परतें दोनों ने खरगे-राहुल ने खोल दी हैं। मगर इन्हें दूर कौन करेगा? पता नहीं? ऊपर वाले का नाम तो भाजपा सबसे ज्यादा लेती है। मगर शायद सोचती कांग्रेस है कि वही इन सब गड़बड़ियों को दूर करेगा! जैसे अंध भक्त आजकल हो गए हैं। वैसे शायद अंध आस्थावान कांग्रेस आजकल हो रही है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

## संपादकीय

### सबक सिखाने का वक्त

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। भारत को इन तमाम मामलों को वैश्विक मंच पर उठाकर पाक पर कार्रवाई के लिये दबाव बनाना चाहिए। दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। बहरहाल, पाक आज पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# निशिकांत दुबे जैसे बीजेपी नेता यूं ही नहीं करते हुंआ-हुंआ!

**शरद गुप्ता**

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना पर निशाना साधना सरकार द्वारा 'अड़ंगे खड़ी करने वाली न्यायपालिका को काबू करने' के बड़े लक्ष्य का हिस्सा है। पिछले 12 सालों में न्यायपालिका में एक साफ रुख दिखा है- अहम मामलों की सुनवाई के दौरान यह केन्द्र सरकार के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करती है, लेकिन फैसला ज्यादातर केन्द्र सरकार के पक्ष में सुनाती है। राम जन्मभूमि, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, राफेल सौदा, कश्मीर में अनुच्छेद-370 को हटाने या नोटबंदी से संबंधित मामलों में यही साफ-साफ दिखा। अगर इसके बाद भी सत्तारूढ़ पार्टी न्यायपालिका को निशाना बनाना चाहती है, तो सीधा-सा मतलब है कि वह इस दिखावे को भी खत्म करना चाहती है- और एक पूरी तरह से अनुकूल (यानी पक्षपातपूर्ण) न्यायपालिका के पक्ष में है। वैसे भी, पार्टी ने पहले ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्यसभा में शामिल कर लिया है और एक अन्य पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दादाशिवम को राज्यपाल नियुक्त किया गया। बीजेपी का हालिया रुख बताता है कि वह न्यायपालिका से किसी भी तरह की 'असहमति' बर्दाश्त नहीं करेगी। नौकरशाही और मीडिया- दोनों पर प्रभावी ढंग से काबू कर लेने के बाद न्यायपालिका उसके लिए अंतिम मोर्चा बची है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और अनुच्छेद 370 को हटाने जैसे फैसलों के जरिये लागू किए गए भाजपा के हिन्दुत्व एजेंडे को न्यायिक जांच का सामना करना पड़ा है। न्यायिक समीक्षा को काबू करना यह सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है कि विवादास्पद नीतियां पारित हो जाएं। मजबूत संसदीय बहुमत के साथ भाजपा अपने केन्द्रीकृत शासन मॉडल को ध्यान में रखते हुए कार्यकारी शक्ति पर किसी भी नियंत्रण को और कम करना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम 2015 में किए गए संवैधानिक संशोधन को खारिज कर दिया था, जिसका उद्देश्य न्यायिक नियुक्तियों का राजनीतिकरण था। तब



सरकार ने इसे 'न्यायिक वीटो' करार दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कॉलेजियम प्रणाली की जगह एनजेएसी को लाने की बात बार-बार बात की है। सुप्रीम कोर्ट ने आधार अधिनियम के प्रावधानों को भी आंशिक रूप से निरस्त कर दिया, जिसे सरकार ने नीतिगत मामलों में अदालती हस्तक्षेप करार देते हुए इसकी आलोचना की। 2018 में, जज लोया की रहस्यमयी मौत की जांच पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को खारिज किए जाने के बाद बीजेपी ने सुप्रीम कोर्ट पर राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया था। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बीच तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निलंबित कर दिया जिससे सरकार खफा हो गई, हालांकि बाद में इन कानूनों को वापस ले लिया गया। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड के खिलाफ फैसला सुनाया और इसे चंदा लेने की भाजपा की अपारदर्शी व्यवस्था के लिए झटके के रूप में देखा गया। बीजेपी नेता जिस तरह राशन-पानी लेकर देश की सबसे बड़ी अदालत पर पिल पड़े हैं, उसकी हालिया वजह वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां हैं। निशिकांत दुबे ने अदालत पर 'धार्मिक युद्ध भड़काने' का आरोप लगाया और देश में 'गृह युद्ध' शुरू करने के लिए सीजेआई को दोषी ठहराया। 16 अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए जिसके बाद सरकार को कहना पड़ा कि वह अगली सुनवाई तक इस पर कार्यान्वयन रोक रही है। इसके बाद दुबे ने आरोप लगा दिया कि न्यायपालिका अपने दायरे का अतिक्रमण कर रही है क्योंकि वह राष्ट्रपति और संसद को कैसे निर्देश दे सकती है। दुबे ने समयसीमा निर्धारित करने के न्यायपालिका के अधिकार पर भी सवाल उठाया और तर्क दिया कि कानून बनाना संसद का विशेषाधिकार है- सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमाओं का अतिक्रमण कर रहा है। उन्होंने बड़े ही भड़काऊअंदाज में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है, तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने यह भी सवाल उठाया कि मुख्य न्यायाधीश उन्हें नियुक्त करने वाले प्राधिकारी, यानी भारत के राष्ट्रपति के अधिकारों को कैसे रोक सकते हैं? वैसे, सोचने वाली बात है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति भी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा की जाती है। और दुबे के तर्क के मुताबिक तो चुनाव आयोग को भी चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के किसी भी गलत काम पर चुप रहना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री ही उसकी नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी है। बहरहाल, बीजेपी ने दुबे की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने दुबे की बातों को उनके 'व्यक्तिगत विचार' करार दिया। लेकिन क्या इतना ही काफी है? क्या पार्टी को दुबे के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी? आखिर बीजेपी एक जैसे मामलों पर दो तरह के मानक क्यों अपनाती है? जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर या भारत-चीन रिश्तों पर टिप्पणियां कीं तो भाजपा ने जोर देकर कहा कि ये उनके निजी विचार नहीं थे बल्कि वे कांग्रेस के विचारों को ही प्रतिबिंबित कर रहे थे। पित्रोदा के पार्टी पद से इस्तीफा देने के बाद भी हमला जारी रहा।

बीजेपी ने विपक्ष और संविधान का अपमान करने के काम पर पूरी फौज लगा रखी है। इसके लिए वह गिरिराज सिंह, नीतीश राणे, प्रज्ञा सिंह ठाकुर, अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, अनंत हेगड़े, टी. राजा सिंह जैसों को बढ़ावा देती है - ये सब भाजपा के 'विषैले नेताओं की नर्सरी' के उत्पाद हैं। जब भी वे कोई हंगामा खड़ा करते हैं, उन्हें पदोन्नति दी जाती है। इनमें से ज्यादातर केन्द्रीय या राज्य मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। इनमें से ज्यादातर विवादों पर मोदी जुबान सिल लेते हैं। कभी-कभार जब वह कोई बयान देते भी हैं- जैसे कि प्रज्ञा ठाकुर के मामले में उन्होंने कहा कि 'मैंने उन्हें अपने दिल की गहराई से माफ नहीं किया है' - तो यह सिर्फ बचाव न करने योग्य मामलों में भी उनके बचाव को ही दिखाता है। निशिकांत दुबे भी कोई अपवाद नहीं। हकीकत यह है कि वह इस ब्रिगेड के प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं। तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी के राजनीतिक सलाहकार के.एन. गोविंदाचार्य के निजी सहायक के रूप में शुरुआत करने वाले दुबे राजनीति में आने से पहले एक शिपिंग कंपनी में काम करते थे। वह झारखंड के गोड्डा से चौथी बार सांसद चुने गए हैं। उनके अपने चुनावी हलफनामे के मुताबिक उन पर नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्हें केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली, लेकिन बीजेपी उन्हें लोकसभा में होने वाली बड़ी बहसों में मुख्य वक्ता के तौर पर पेश करती रही है। वह कई प्रमुख संसदीय समितियों का भी हिस्सा हैं। उनकी याचिका पर ही तृणमूल कांग्रेस की तेज-तर्रार सांसद महुआ मोइत्रा की पिछली लोकसभा से सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के रुख ने दुबे को हिन्दुत्व ब्रिगेड के पोस्टर बॉय के रूप में उभरने का एक और मौका दिया है। सोशल मीडिया पर कट्टरपंथियों के समर्थन से वह इस कदर उत्साहित हैं कि इस लेख को लिखे जाने के समय तक दुबे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई खन्ना के खिलाफ अपने आपत्तिजनक बयानों को नहीं हटाया था, जबकि उन पर अदालत की अवमानना की कार्यवाही भी चल रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी दुबे जैसी ही भावनाएं व्यक्त की हैं, खास तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति के लिए लंबित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए समय सीमा तय करने के बाद। धनखड़ ने इसे न्यायिक अतिक्रमण बताते हुए इसकी आलोचना की, संवैधानिक पदाधिकारियों को निर्देश देने के अदालत के अधिकार पर सवाल उठाया और न्यायपालिका को 'सुपर संसद' के तौर पर काम करने के खिलाफ चेताया। एक उच्च पदस्थ संवैधानिक हस्ती के रूप में, धनखड़ का दुबे की भाषा बोलने से पता चलता है कि न्यायिक सत्ता को चुनौती देने के उद्देश्य से नैरेटिव खड़ा करने का एक समन्वित प्रयास हो रहा है जो इस मुद्दे के राजनीतिक महत्व को बढ़ा देता है। अब गेंद सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। उसे तय करना है कि वह कायरता के साथ समर्पण करना चाहता है या फिर मजबूती से लड़ाई लड़ना चाहता है- जैसा कि उसने एनजेएसी अधिनियम के मामले में किया था।



# प्रोटीन से भरपूर 'सत्तू' का सेवन गर्मियों में है वरदान

**रॉयल बुलेटिन**

गर्मी की मार से बचने के लिए लोग अलग-अलग किस्म की ड्रिंक पीते हैं, ताकि वे भीषण गर्मी में किसी बीमारी का शिकार न हो पाएं। हम आपको एक ऐसी देशी ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेट रहता है, बल्कि यह पीने में भी काफी पौष्टिक होता है। दरअसल, यहां बात 'सत्तू' की हो रही है, जिसे गर्मी में वरदान कहना गलत नहीं होगा। 'सत्तू' एक पारंपरिक भारतीय आहार है, जिसे गर्मियों के दौरान पोषण और ताजगी का खजाना माना जाता है। 'सत्तू' स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। यह शरीर को ठंडक, ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है, जो हर वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (नवंबर, 2021) रिपोर्ट के मुताबिक, गर्मियों में सत्तू का ठंडा करने वाला गुण इसे एक शानदार पेय बनाता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम, जो पाचन को बेहतर करता है। फाइबर मल त्याग को सामान्य करता है, कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। 'सत्तू' भारतीय उपमहाद्वीप में काफी लोकप्रिय है। इसका सेवन भारत के कई हिस्सों जैसे झारखंड, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड और यूपी में किया जाता है। यह गेहूं, चना, जौ और अन्य अनाज से बनाया जाता है और इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं। 'सत्तू' शरीर को ठंडा रखने का काम करता ही है। साथ ही इसका सेवन करने से पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है और यह शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है। इसके अलावा, 'सत्तू' के सेवन को वजन घटाने में भी कारगर माना जाता है। 'सत्तू' का सेवन शरबत, लड्डू, पराठा और चपाती के रूप में किया जा सकता है। इसका शरबत गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए एक बेहतरीन पेय माना जाता है, जो शरीर को गर्मी से बचाता है और तापमान भी ठंडा करने का काम करता है। इसके अलावा, सत्तू में अघुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है, जो आंतों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह कब्ज, एसिडिटी और भारी या चिकने भोजन से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है। साथ ही सत्तू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत अच्छा है। यह खून में शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखता है और ब्लड प्रेशर को भी संतुलित करता है। इसमें मौजूद उच्च फाइबर कोलेस्ट्रॉल की समस्या वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई -37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी
प्रबंध संपादक : अरूण कुमार चौधरी, फोन: 9471170557/08084674042, ई-मेल : Divyadinkarranchi @ gmail.com,RNI Regd. No. : JHAHIN/2013/54373Postal Registration No. : RN-11/2012)

## संक्षिप्त समाचार

### आखिर कब होगा धरहरा और जमालपुर बाढ़ सुरक्षा तटबंध की मरम्मती

**दोनों प्रखंडों के गंगा किनारे बसे ग्रामीण परेशान**

**दिव्य दिनकर डॉ शशिकांत सुमन/आशीष कश्यप**



धरहरा। मुंगेर जिला अंतर्गत नक्सल प्रभावित धरहरा एवं जमालपुर प्रखंड के गंगा के किनारे बने बाढ़ सुरक्षा तटबंध पूरी तरह से बदहाल हो गई है। जिसे अब मरम्मती की जरूरत है। लेकिन मरम्मती की दिशा में जिम्मेदार पूरी तरह से लापरवाह है। जिसके कारण गंगा तटबंध के किनारे बसे लोग परेशान हैं। क्योंकि गंगा में बाढ़ होने में लगभग तीन महीना का समय शेष है। सुंदरपुर गांव से डकरा नाला तक बने बाढ़ सुरक्षा तटबंध को 7 साल हो चुका है। समय पर मरम्मत नहीं होने तथा देखरेख के अभाव में कई गांव में तटबंध का जिओ बैग गंगा के पानी में समा गया है। कई जगहों पर जिओ बैग फट कर बर्बाद हो गया है, तो कई जगहों को लोगों ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिओ बैग को हटाकर अन्यत्र रख दिया है। इसके साथ-साथ तटबंध के निकट भू-माफिया द्वारा मिट्टी की कटाई की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तटबंध की विभागीय उपेक्षा की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल का कार्यालय वर्तमान में भागलपुर में है। ग्रामीणों को बाढ़ आने पर शिकायत करने में दिक्कत होती है। भागलपुर जाकर अधिकारियों से शिकायत करनी पड़ती है। विभागीय उपेक्षा के कारण जिओ बैग का बांध प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा है। यही कारण है कि सुंदरपुर चांद टोला, हेमजापुर चांद टोला, लगमा, मिर्जाचक, शिवकुंड, सिंघिया तथा फरदा गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश करने का बाढ़ के दिनों में लोगों में आशंका बनी रहती है। बांध की देखरेख नहीं होने तथा विभागीय उपेक्षा के कारण बांध का अतिक्रमण भी हो रहा है। ग्रामीणों बताया कि बाढ़ के दिनों में गांव में गंगा का पानी प्रवेश करने की सूचना मिलने पर विभाग द्वारा अस्थाई रूप से कटाव स्थल पर जिओ बैग डालकर येन-केन प्रकारेण बाढ़ के पानी को गांव में प्रवेश करने से रोकने के लिए हाथ पांव मारता है। लेकिन जैसे ही गंगा नदी के जल स्तर में कमी होना प्रारंभ होता होता है, वैसे ही बाढ़ प्रमंडल के कर्मचारी एवं अधिकारी का ध्यान इस ओर से हट जाता है। ग्रामीण बमबम कुमार, कमलेश्वरी तांती, अजय राम, रामप्रवेश यादव, नारायण सहनी, सुखदेव सहनी ने कहा कि जिओ बैग से निर्मित अस्थाई सुरक्षा तटबंध के बदले स्थाई बाढ़ सुरक्षा तटबंध का निर्माण कराया जाए। ताकि बार-बार का बाढ़ का खतरा समाप्त हो जाए।

### उज्वल कुमार का प्रथम प्रयास में हुआ इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के रूप में चयन परिजनों ने मनाई खुशियां



**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए ।**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,कोशिश करने वाले लोगों की कभी हार नहीं होती। जी हां यह बात अपने प्रथम प्रयास में एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल में उत्तीर्ण होकर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के रूप में चयन होकर एक सामान्य व्यवसाई राकेश कुमार सिंह के बेटा उज्वल कुमार ने साबित किया है। उज्वल कुमार का इस पद पर चयन होने के उपलक्ष्य में परिजनों ने इनसे केक कटवाकर इन्हें बधाई एवं शुभकामना देते हुए इनकी आगे के जीवन के लिए भी मंगलकामना किया और भविष्य की हर चुनौतियों से लड़ने के लिए हौसला प्रदान किया। उज्वल द्वारा अपना यह सक्सेस सेलिब्रेशन अपने मामा के घर गया में बच्चों के साथ मनाया गया,ताकि बच्चों को इनके सफलता से प्रेरणा मिल सके तथा हर बच्चा मेहनत और लगन को अपने जीवन में शामिल करके अपने जीवन में एक ऊंची मुकाम और पद हासिल कर सके,जिस पर समाज,परिवार और राष्ट्र को गर्व हो सके। उज्वल को मिली सफलता पर और पूछे जाने पर इनकी मामी नीरू सिन्हा ने बताई कि उज्वल हमेशा से पढ़ाई और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर शांत भाव से पढ़ाई किया करते थे,जिसके कारण आज इन्हें ये शानदार पद प्राप्त हुआ है,इस उपलब्धि के कारण परिवार में आज खुशी की लहर है। उज्वल के माता पिता भी इनके पढ़ाई में हमेशा संघर्ष करके इनके पढ़ाई को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दिया एवं पढ़ाई के प्रति इन्हें सदैव प्रेरित करते रहे। इस पद पर चयन होने पर उज्वल ने बताया कि केंद्रित अध्ययन और तड़क भड़क से दूर होकर अगर आप अपनी समय परीक्षा की तैयारी में लगते हैं तो आपको सफलता मिलना निश्चित है,उज्वल ने इस परीक्षा में गणित और अंग्रेजी और जीएस विषय पर पकड़ को किसी भी छात्र के लिए सफलता का मुख्य सूत्र बताया। आज के इनके सक्सेज सेलिब्रेशन में शामिल होने वाले शुभचिंतकों में इनकी मामी नीरू सिन्हा,शिल्पी कुमारी,नानी शकुंतला देवी,बहन सत्यम,नैंसी कुमारी,शालनी कुमारी,भाई आदित्य राज,रौनक कुमार,रुद्र कुमार,टप्पू सरदार,मित्रबंधु शशांक खिलौशकर,अजित कुमार,टोनी कुमार,सूरज कुमार इत्यादि लोग शामिल थे,सभी उपस्थित शुभचिंतकों ने इन्हें केक और मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामना प्रदान किया।

### डड़वा गांव में नल-जल योजना के तहत लगे उपकरण चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश



**रिपोर्ट – अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद) उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव में शनिवार की रात नल-जल योजना के तहत लगाए गए इलेक्ट्रिक उपकरण को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। चोरों ने योजना के तहत बनाए गए सेल्टर रूम की छत पर लगी करकट को उखाड़कर भीतर प्रवेश किया और स्टेबलाइजर, जीपीएस समेत कई कीमती उपकरण चुरा लिए। वार्ड संख्या 12 के सदस्य अनुराग प्रजापत ने बताया कि रात करीब 10 बजे तक पानी की आपूर्ति सामान्य रही। इसके बाद रूटीन अनुसार पानी की सप्लाई बंद कर वे घर लौट गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब पानी की सप्लाई चालू करने के लिए वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि सेल्टर रूम की करकट उखड़ी हुई थी। ताला खोलकर अंदर प्रवेश करने पर पाया कि सभी उपकरण गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही उपहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने चोरों की तलाश तेज कर दी है। इधर, चोरी की घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने नल-जल योजना के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन





**हाजीपुर:** आज दिनांक 28.04.2025 को महेन्द्रूघाट, पटना में दानापुर मंडल की ह्यमंडल संसदीय समितिह्य की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता स-ांसद कौशलेन्द्र कुमार द्वारा की गयी । सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे । आज की इस बैठक में नालन्दा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, जमुई के सांसद अरूण भारती, जहानाबाद के सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी तथा राज्यसभा के सांसद शंभु शरण पटेल एवं सांसद खीरू महतो उपस्थित थे। इनके अलावा कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि अमित कुमार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी के सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद सिबगतुल्लाह खान, माननीय सांसद डॉ. भीम सिंह के सांसद प्रतिनिधि इन्द्रजीत कुमार, सांसद रवि शंकर प्रसाद के सांसद प्रतिनिधि रामजी सिंह, सांसद विवेक ठाकुर के सांसद प्रतिनिधि रजनीश कुमार, सांसद वीरेन्द्र सिंह के सांसद प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह उपस्थित थे । इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं माननीय के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया । महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में दानापुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से माननीय सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दानापुर मंडल अपने ऐतिहासिक स्थापना एवं निरंतर यात्री सेवा के स्वर्णिम उपलब्धियों के साथ वर्ष 2025 में शताब्दी वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को बेहतर बनाने के लिए हम सतत प्रयत्नशील हैं । पर्व त्योहार एवं अत्यंत व्यस्त सीजन पर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करती रही है । वर्तमान वितीय वर्ष 2024-25 में 593 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया गया एवं विभिन्न गाड़ियों में कुल 3763 अतिरिक्त कोच लगाये गए । दैनिक रेलयात्रियों को अनारक्षित टिकट सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 और स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई है। यात्री सुविधा की दिशा में कार्य करते हुए 05 स्टेशनों पर एस्केलेटर, 06 स्टेशनों पर लिफ्ट तथा 08 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दानापुर मंडल के 20 स्टेशनों का चयन किया गया है जिसके अंतर्गत इन स्टेशनों का दीर्घकालिक दृष्टिकोण से विकास किया जा रहा है। साथ ही, झाझा स्टेशन परिसर में ह्यरेल कोच रेस्टॉरेंटह्व शुरूआत की गयी है, इससे यात्रियों के साथ-साथ आम लोग भी बेहतर खाने का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। महाप्रबन्धक महोदय ने माननीय सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा ।

## नेत्र जांच शिविर लगाकर 170 रोगियों का किया गया मोतियाबिंद जांच

**जांच शिविर में आए चिकित्सकों व रोगियों ने पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता काजल गुप्ता**




जमालपुर। गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर तथा भारतीय रेट का समिति जमालपुर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में जमालपुर-मुंगेर मुख्य पथ पर स्थित गायत्री मंदिर सह शक्तिपीठ परिसर में सोमवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पीटल दलसिंहसराय के द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद का 10वां जांच शिविर आयोजित किया गया। रोगियों का जांच कार्य आरंभ होने से पहले शिविर में आए चिकित्सकों, रोगियों, गायत्री शक्तिपीठ के सदस्यों तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत पर्यटकों को अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के जीवनदानी आचार्य सच्चिदानंद तिवारी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निरपराध पर्यटकों के किए गये निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हम राष्ट्र को जागृत करने वाले पुरोहित के साथ सैनिक भी हैं। हमारी संस्कृति मानवतावादी रही है किन्तु हम शक्ति के भी उपासक हैं। मानवता के रक्षार्थ शास्त्र और शस्त्र दोनों का प्रयोग हम जानते हैं। मोतियाबिंद के निःशुल्क जांच शिविर में 170 रोगियों का जांच किया गया। इसमें 65 रोगियों को आपरेशन कर लेंस लगाया जायेगा। यह शिविर प्रत्येक माह के 28 तारीख को निरंतर लगाया जायेगा। जांच शिविर में सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क है। विशेष उपस्थिति मुख्य प्रबंध ट्रस्टी कृष्ण चंद्र चौरसिया, भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जमालपुर शाखा के सचिव बासुदेव पुरी, शिवलाल रजक, सुरेश चौरसिया, डॉ प्रिंस कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, शंभू सिंह, बलविंदर सिंह अहलूवालिया, अमित नंदन, भरत पोद्दार, विपिन चौरसिया, हलधर मंडल, मूलचंद मंडल, दीपक कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन

**दिव्य दिनकर संवाददाता संग्रामपुर**



संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के बढ़ौनियाँ गांव स्थित ऐतिहासिक काली मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वृंदावन से आई कथा वाचिका ब्रज प्रिया किशोरी जी उर्फ अदिति जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।कथा वाचिका ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर बाल्यकाल की अनेक लीलाओं को अत्यंत मार्मिक और सरल शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने पूतना वध, तृणावर्त वध, माखन चोरी, ग्वाल बालों के साथ क्रीड़ा, यशोदा माता द्वारा श्रीकृष्ण को उखल से बांधने की लीला तथा गोवर्धन धारण जैसे प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर बार-बार ₹जय श्रीकृष्ण₹, ₹राधे-राधे₹ के जयकारे लगाते रहे।ब्रज प्रिया किशोरी जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें प्रेम, करुणा, सेवा और सच्चे धर्म का मार्ग दिखाती हैं। पूतना वध के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि शुद्ध हृदय से किया गया कोई भी कार्य चाहे अनजाने में हो, भगवान उसे स्वीकार करते हैं। माखन चोरी की लीला यह सिखाती है कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के भूखे हैं, बाहरी आडंबर से नहीं।इस अवसर पर आकर्षक झांकियों का भी आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण, बलराम, यशोदा माता और गोपियों की भूमिका निभाई। विशेष झांकी में गोवर्धन धारण की लीला को अद्भुत ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।कथा के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और चारों ओर भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि गूंज रही थी। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।ब्रज प्रिया किशोरी जी ने अपने प्रवचन के दौरान युवाओं से अपील की कि वे धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें, गौ सेवा करें और जीवन में सत्य, अहिंसा तथा प्रेम के मार्ग का अनुसरण करें। उन्होंने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से मानव जीवन धन्य हो जाता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ उठाया। समूचा वातावरण श्रीकृष्ण भक्ति में डूबा रहा और हर ओर अलौकिक आनंद का अनुभव किया गया।कथा कहते कथा वाचिका ब्रज प्रिया किशोरी

## दूसरे पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व शिक्षक दिवंगत महेंद्र चौऋषि

**समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महेंद्र चौऋषि का रहा बड़ा योगदान : प्रो आकर्षण**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता काजल गुप्ता**



जमालपुर। केंद्रीय विद्यालय जमालपुर के समाजोपयोगी उत्पादक कार्य विषय के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक रहे दिवंगत महेंद्र कुमार चौऋषि के द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर समाज के प्रति उनके योगदानों को याद किया गया। सोमवार को पिता के द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर उनकी पत्नी रेणुका देवी एवं पुत्र इंजीनियर आकर्षण प्रतीक चौऋषि की ओर से वार्षिक पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा सह पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरोहित श्रवण शर्मा ने वैदिक रीति रिवाज से पूजा अनुष्ठान संपन्न करते हुए दिवंगत महेंद्र प्रसाद चौऋषि के तैलीय चित्र पर पुष्पार्चन कराया। पूजा अनुष्ठान के उपरांत एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान पिता को नमन करते हुए राजस्थान के बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के रिसर्च एसोसिएट प्रोफेसर इंजीनियर आकर्षण प्रतीक चौऋषि ने कहा कि जमालपुर शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान केंद्रीय विद्यालय में अपने अध्यापन कार्य के माध्यम से तथा समाज के हर वर्ग के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में उनके पिता महेंद्र कुमार चौऋषि का अमूल्य योगदान रहा है। समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में उन्होंने हमेशा अपनी ओर से प्रयास किया है। उनके इन्हीं योगदानों को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग की ओर से वर्ष 2010 में उन्हें संभागीय प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया। इन्होंने विद्यालय में स्वस्थ वातावरण के निर्माण के प्रति मनसा, वाचा, कर्मणा सहयोग प्रदान किया है। विद्यालय के कार्य अनुभव, सौंदर्यीकरण, विद्युतीकरण के अतिरिक्त छात्रों को स्वच्छता, सत्यवादिता, माता-पिता, गुरु एवं देश के प्रति कर्तव्यों का पालन करने का दिशा निर्देश देते रहे हैं। विद्यालय में आयोजित सामाजिक विज्ञान, विज्ञान प्रदर्शनी, वार्षिकोत्सव, क्रीड़ोत्सव एवं पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप को संचालित करने में इनका पूर्ण योगदान रहा है। हंसमुख एवं मधुर व्यवहार से ये विद्यार्थियों में सदैव प्रिय बने रहे। सन 1983 से अपने सेवानिवृत्ति काल तक भारत स्काउट एवं गाइडस का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ स्काउट मास्टर के रूप में करते रहे। इन्होंने वर्ष 2008 में ₹हिमालय वुड वैज प्रमाण-पत्र सहित प्राप्त किया था। इन्होंने राष्ट्रीय जंबूरी, अन्तर्राष्ट्रीय जंबूरी तथा सार्क जंबूरी में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग का नेतृत्व भी किया था। 2023 में उनके निधन के बाद से जमालपुर शहर के लोगों को आज भी उनकी कमी महसूस होती है।

## बखरी में एसडीएम ने सुना वृद्धजनों की समस्याएं



**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। वृद्धजन भरण पोषण अधिनियम के तहत अनुमंडल कार्यालय, बखरी में पांच मामलों की सुनवाई की गई।जहां अनुमंडल पदाधिकारी बखरी सन्नी कुमार सौरव द्वारा परिवादियों की समस्या को गंभीरता से सुना गया तथा निपटारा किया गया। विदित हो कि हर महीने अनुमंडल कार्यालय में वृद्धजनों की भरण पोषण की समस्याओं को सुना जाता है और उनका निराकरण किया जाता है। अनुमंडल प्रशासन अपने क्षेत्र के वृद्धजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। सजग रहकर तत्परता से समाधान करने हेतु हमेशा प्रयासरत है। इस मौके पर कमिटी के सदस्य एवं वरीय लिपिक मिथलेश कुमार प्रभात उपस्थित थे।

## मुंगेर में होमगार्ड बहाली को लेकर डीएम ने की ब्रीफिंग बैठक, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**कोई लापरवाही अथवा अनियमितता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी : डीएम**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत विद्यार्थी**




मुंगेर। महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अनिग्नशमन सेवाएं, बिहार, पटना के आलोक में मुगेर जिले में आरक्षण कोटिवार विज्ञापित रिक्त पदों पर गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेत अभ्यर्थियों की शारीरिक सक्षमता की जांच अगामी 30 अप्रैल से प्रारंभ होनी है। इस सक्षमता जांच को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संग्रहालय सभाकक्ष में सभी पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ ब्रिफिंग बैठक आयोजित हुई। बैठक में उक्त शारीरिक सक्षमता जांच को संवेदनशील तरीके से अत्यंत ही पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, समादेष्टा गृह रक्षावाहिनी अनुज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ,सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित अन्य सभी पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी अभ्यर्थियों के लिए आहूत उक्त शारीरिक सक्षमता जांच अत्यंत ही संवेदनशीलता के साथ स्वच्छ, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना जिला एवं पुलिस प्रशासन की जिम्मेवारी है। थोड़ी सी भी चूक संबंधित पदाधिकारी, दण्डाधिकारी अथवा कर्मी के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। इस लिए इस जांच परीक्षा को अंत्यंत ही गंभीरता से लेने की जरूरत है तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही अथवा अनियमितता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस लिए सभी पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं कर्मी अपनी ड्यूटि को पूरी गंभिरता के साथ निभाएंगे तथा ससमय अपने निर्धारित कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि शारीरिक सक्षमता जांच दिनांक 30 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगी जो 19 मई तक चलेगी। इसमें पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 30 अप्रैल से 15 मई (राजपत्रित/रविवारीय अवकाश के दिन को छोड़ कर) की तिथि निर्धारित की गयी है, जिसमें कुल 14219 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जबकि 16 से 19 मई तक महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक सक्षमता जांच होगी, जिसमें कुल 3307 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। दोनों मिलाकर कुल 17526 अभ्यर्थी इस जांच में हिस्सा लेंगे। सभी सक्षमता जांच परीक्षा पोलो मैदान में ही आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग प्रवेश द्वार पर ही की जाएगी तथा दो पालियों में उनकी सक्षमता जांच होगी। पहली पाली प्रातः 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गयी है, जबकि दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 5 बजे से शुरू होगा तथा सामान्यतः प्रातः 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा, जहां सभी अभ्यर्थियों का आधार आधारित बायोमेट्रिक जांच के पश्चात ही उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। इस दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम प्रवेश पत्र (दो प्रति के साथ) तथा आवश्यक पहचान पत्र दिखा कर अपना निबंधन कराना होगा, तत्पश्चात उन्हें दौड़, शारीरिक जांच, उंची कूद, गोला फेंक, लम्बी कूद की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान सिर्फ अभ्यर्थियों को ही उनकी पहचान के आधार पर प्रवेश देना है। उनके अतिरिक्त किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों एवं कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस परीक्षा को अत्यंत ही गंभिरता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण कराना ही हमारी जिम्मेवारी है। इसमें अभ्यर्थियों के प्रति कोई भी पदाधिकारी अथवा अन्य कमीर्यों द्वारा कोई भी संलिप्तता अथवा अन्य सहयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी प्रकार की ऐसी कोई सूचना जिनके भी खिलाफ प्राप्त होती है तो तत्काल उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सटवट में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ समिति का हुआ गठन

**19 मई को कलश शोभा यात्रा 26 मई को हवन पूणार्हुति प्रत्येक दिन चलेगा भंडारा**



**रिपोर्ट– प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के देव प्रखंड के सटवट ग्राम में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ निमित्त संरक्षक मंडली का हुआ गठन जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष समाजसेवी प्रवीण सिंह, उपाध्यक्ष बिनोद सिंह, पन्नालाल विश्वकर्मा, बिनोद भगत, सचिव किशोर सिंह, उपसचिव शिव शंकर भगत, अमरेश मेहता, आलोक ठाकुर, निरंजन मेहता कोषाध्यक्ष सरोज पाल, उपकोषाध्यक्ष बबलू शर्मा संरक्षक मण्डली में विद्वान सतीश पाठक,रामकेवल सिंह, बृजमोहन सिंह, प्रमोद सिंह, यज्ञनारायण भगत कार्यालय प्रमुख राजेश ठाकुर जनसम्पर्क अभियान प्रमुख रामरूप विश्वकर्मा ' सभी पदाधिकारीगण ने कार्यक्रम सूची की जानकारी देते हुए बतायें की यह महायज्ञ 19 मई से 26 मई तक चलेगा ' इस कार्यक्रम को भव्य दिव्यता प्रदान के लिए निरंजन पीठा धिश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी कैलाषानंद गिरी महराज,बालयोगी संत श्री तुलसीदास जी महराज,महंत श्री अखिलेशवर दास जी महराज, पद्मभूषण से सम्मानित साधवी रितम्भारा जी कथा वाचिका देवी अनुराधा सरस्वती,देवी सत्यार्चा जी देव के धरती पर करेंगे पदार्पण ' समाजसेवी प्रवीण सिंह नें बताया की रूद्र महायज्ञ, जिसे अति रूद्र महायज्ञ भी कहा जाता है, भगवान शिव की पूजा का एक महत्वपूर्ण रूप है। यह एक प्रकार का यज्ञ है जिसमें रुद्र के विभिन्न रूपों की पूजा और हवन किया जाता है। इस महायज्ञ को सफलता प्रदान करने के लिए पुनः समिति का विस्तारिकरण किया जायेगा ' अध्यक्ष विजय कुमार सिंह जी नें कहा की रूद्र महायज्ञ भगवान शिव की पूजा का एक शक्तिशाली और व्यापक रूप है जो विभिन्न लाभ प्रदान करता है। यह यज्ञ शांति, समृद्धि, और आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है।इसलिए सूर्य भक्त विजय पांडेय, रवि गुप्ता, दिलीप कुमार, अंकित पाठक, नें सभी गाँव वासी से एक होकर महायज्ञ को सफल बनानें के लिए आग्रह किया गया।

### स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने दो अभियुक्त को अलग अलग मामले में बीस-बीस साल कारावास की सजा सुनाई



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पोक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने दो वादों में अभियुक्तों को कठोर सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि माली थाना कांड संख्या -06/24, जी आर -62/24 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त विमलेश कुमार मिजार्पुर माली,को भादंवि धारा -376 (3) और पोक्सो एक्ट 4(2)में बीस साल की सजा और तीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है, भादंवि धारा 366 ए में सात साल की सजा और बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है तथा भादंवि धारा -363 में पांच साल की सजा और दस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है सभी सजाएं साथ साथ चलेगी, अभियुक्त को उल्लेखित धाराओं में 25/04/25 को दोषी ठहराया गया था, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त पर प्राथमिकी 11/01/24 को दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि नाबालिग लड़की बाजार से कुछ समान लाने गई थी जो शाम तक नहीं लोटी, दुसरे दिन ग्रामीणों से घटना में अभियुक्त का संलिप्तता पता चला था, अभियुक्त पर आरोप गठन -28/10/24 को हुई थी, वहीं एक दुसरे वाद बारूण थाना कांड संख्या -320/23, जी आर -1812/23, में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त मनीष कुमार सिरिस, को सजा सुनाई है स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा -376(3) और पोक्सो एक्ट में बीस साल की सजा तीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है , भादंवि धारा -366 ए में बीस साल की सजा और बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है सभी सजाएं साथ साथ चलेगी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि उल्लेखित धाराओं में अभियुक्त को 25/04/25 को दोषी करार दिया गया था, प्राथमिकी में अभियुक्त पर आरोप लगा था कि 23/05/23 को अभियुक्त ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था जिसको लेकर सुचक ने न्यायालय में परिवाद -539/23 दाखिल किया था,11/07/23 को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अभियुक्त पर आरोप पत्र -28/11/23 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

### शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा लड़ेंगे विधानसभा चुनाव! मां हिना शहाब ने दिया बड़ा बयान, इस सीट पर ठोका दावा

**बिहार** : बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बायनबाजी की सिलसिला लगातार जारी है। कोई सीटों को लेकर दावा ठोक रहा है तो कोई तरह-तरह के वादे कर रहा है। इसी कड़ी में अब शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब (Hina Shahab) ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने बेटे ओसामा शहाब को विधानसभा चुनाव लड़ाने की बात कही है। साथ ही अपनी पसंदीदा सीट की मांग भी की है। दरअसल, रविवार (27 अप्रैल) को शहर के धनौत गांव में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हिना शहाब ने कहा कि हम लोग सोच रहे हैं कि ओसामा शहाब को किसी विधानसभा से चुनाव लड़ाया जाए। हमारा अपना ही विधानसभा क्षेत्र है रघुनाथपुर, तो इस पर सोचा जा रहा है। हिना शहाब के इस बयान के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। बता दें कि यह विधानसभा सीट अभी आरजेडी के खाते में है. यहां से हरिशंकर यादव विधायक हैं। अब देखना यह होगा कि लालू यादव और तेजस्वी यादव ओसामा शहाब को यह सीट देने के लिए तैयार होते हैं या नहीं। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में ओसामा अपनी मां के साथ राजद में शामिल हुए थे।

# शराबबंदी से ताड़ी को हटाने को लेकर तेजस्वी के बयान को प्रशांत किशोर ने सराहा

**शराबबंदी के नाम पर पुलिस-प्रशासन दलितों, पिछड़ों और महिलाओं का कर रही शोषण : प्रशांत किशोर**

**दिव्य दिनकर बिहार उप-प्रभारी पवन कुमार चौधरी**




अरवल। बिहार में शराबबंदी कानून हटाए जाने को लेकर एक बार फिर प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। अरवल में जन सुराज उदघोष यात्रा में पहुंचे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून के विरोध में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान की सराहना की है। प्रशांत किशोर ने बिहार में भूमि सुधार को लेकर सरकार द्वारा कराए गए सर्वे तथा बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण पर भी तीखी टिप्पणी की है। एक दिवसीय दौरे पर अरवल पहुंचे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अतिथि गृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर विफल साबित हो रही है। प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव के शराबबंदी से ताड़ी को हटाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि तेजस्वी यादव ने कम से कम एक कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जन सुराज पहली पार्टी है जो शराबबंदी को हटाने की बात कर रही है। हम इसे हटाने की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बिहार में शराबबंदी नहीं है। बिहार में सिर्फ शराबबंदी कानून बनाया गया है जिसके तहत सिर्फ दुकानें बंद की गई हैं और अब घर-घर शराब बिक रही है। इसके साथ ही शराबबंदी कानून से सबसे ज्यादा परेशानी दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को हो रही है क्योंकि प्रशासन इस कानून के तहत इन लोगों को परेशान कर रहा है। उन्हें उनके घरों से गिरफ्तार किया जा रहा है और पुलिस थाने में लाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। बिहार में भूमि सुधार को लेकर बड़ा वादा करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में भूमि सुधार लागू करना जन सुराज की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लगभग 60 फीसदी लोग भूमिहीन हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर भूमिहीन लोगों के प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। इसके साथ ही दलित समाज की बात करें तो दलित समाज के 86 फीसदी लोग भूमिहीन हैं। इसलिए बिहार में पूरी तैयारी और शोध करके भूमि सुधार लागू करने की जरूरत है ताकि भूमिहीन लोगों की संख्या में 20 से 25 फीसदी की कमी की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भूमिहीनों को जमीन देने के लिए किसी की जमीन छीनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रशांत किशोर ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जन सुराज जल्द ही कुछ महीनों में अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा कि जन सुराज किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगा, हम 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा कि जन सुराज में टिकट का पहला मापदंड काबिलियत है। लेकिन बिहार में काबिल लोगों की संख्या कहीं ज्यादा है, इसलिए काबिल लोगों में से चुनने के लिए जिस समाज की जितनी आबादी है, उसी के अनुपात में उस समाज के काबिल लोगों को टिकट दिया जाएगा।

### गोरकट्टी गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासनिक दल पर हमला, प्राथमिकी दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद)उपहारा थानाक्षेत्र के गोरकट्टी गांव में शनिवार को अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासनिक दल पर अतिक्रमणकारियों ने गाली-गलौज और बदसलूकी की। आरोपियों ने विरोध के दौरान जेसीबी मशीन का शीशा भी तोड़ दिया, जिससे अफरातफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, गांव के बबलू सिंह और धीरज साव के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। प्रशासनिक जांच के बाद अवैध अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित हुआ था, बावजूद इसके बबलू सिंह द्वारा रास्ता जबरन अवरुद्ध किया गया था। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर गोह अंचलाधिकारी अजय कुमार सिंह और थानाध्यक्ष मनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने पुलिस व अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया। सीओ द्वारा स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में बबलू सिंह समेत कुल नौ लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बबलू सिंह, को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इधर आलोक सिंह ने बताया की जिस प्लॉट न से अतिक्रमण हटाना था उस प्लॉट से नही हटाया गया हैं, प्रसाशन ने मनमाने तरिके से दूसरे प्लॉट का चाहरदिवारी को तोड़ डिया हैं। जिसकी जांच कर करवाई की मांग की।

### गढ़हरा ग्राम गौरव सम्मान समारोह का हुआ उद्घाटन



**समाज से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित**

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। गढ़हरा ग्राम गौरव सम्मान समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने रविवार को दीप प्रज्ज्वलित कर किया।अभेदानन्द आश्रम बारो में गढ़हरा दर्पण परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार, नगर परिषद बीहट के मुख्य पार्षद बबिता देवी, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, एपीएसएम कॉलेज बरौनी के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार, बरौनी आईओसी के वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि भूषण कुमार, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा के प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बेलदौर प्रमोद कुमार, भारत सरकार के कला संस्कृति विभाग से सेवानिवृत्त रंगकर्मी चंद्र प्रकाश झा आदि शामिल हुए।समिति सदस्य संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, प्रेम कुमार, जीवानंद मिश्र, रामानंद सागर आदि ने उन्हें अंगवस्त्र, माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रथम सत्र में स्थानीय बाल कलाकरों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष मंडल में मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा, सुरेंद्र कुमार व विजय कुमार राय थे। मंच का संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। स्वागत भाषण कुमार विनीताभ ने प्रस्तुत किया। समारोह में विशिष्ट सम्मान से 11 लोग सम्मानित किए गए। ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में कला कौशल, शिक्षा के क्षेत्र में राज कुमार प्रसाद, गीत कला में सानिया सिंह व रश्मि राज, सामाजिक क्षेत्र में लाल बहादुर महतो, सामाजिक सौहार्द जागरूकता में मो दानिश महबूब, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ हेमंत कुमार, खेलकूद क्षेत्र में आशीष कुमार, नारी जागरूकता क्षेत्र में आसमा बेगम, नाट्य कला क्षेत्र में फुलेना राय, प्रकृति प्रेमी के रूप में स्मिता कुमारी को अंगवस्त, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद मो इफ्तेखार अंसारी, अशोक ठाकुर, प्रमोद सिंह, ब्रजेश कुमार, शिवजी आर्य, संतोष आर्य, गोविंद आर्य, जीवानंद मिश्र, रामानंद सागर, सुजीत कुमार आदि थे। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सन 2007 में स्वतंत्रता सेनानी केशव मिश्र व बैधनाथ चौधरी के नेतृत्व में प्रथम ग्राम गौरव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ था। दूसरी बार 12 मार्च 2023 में हुई थी।

### पहलगाम के खून से खौल उठा हिंदू समाज!

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाठी से पीटकर भगाने का एलान।**



**रिपोर्ट– प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के सदर प्रखंड के खैराबिंद पंचायत के मुखिया सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर में जोरदार विरोध मार्च निकाला। बताते चलें कि बिगड़ कुछ दिनों पहले गांधी पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या के खिलाफ रविवार को हिंदू समाज के लोगों ने खैरा बिंद पंचायत के मुखिया सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर में जोरदार विरोध मार्च निकाला। गांधी मैदान से शुरू हुआ यह आक्रोश मार्च पाकिस्तान मुदार्बाद के नारों से गूंजता हुआ रमेश चौक तक पहुंचा। मुखिया सुजीत कुमार सिंह ने कहा, ह्लपहलगाम में जिस तरह से आम नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की जा रही है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।ह्व उन्होंने औरंगाबाद जिले में बढ़ती बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि फर्जी आईडी बनवाकर रह रहे बांग्लादेशियों के कारण जिले में अपराध बढ़ा है और स्थानीय लोगों का रोजगार छीना जा रहा है। सुजीत सिंह ने चेतावनी दी, ह्लयदि जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर घुसपैठियों को चिन्हित कर जिला से बाहर नहीं करता है, तो हम हिंदू संगठन के कार्यकर्ता लाठियां उठाकर उन्हें खदेड़ने का काम करेंगे, चाहे इसके लिए जेल क्यों न जाना पड़े।ह्वउन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से युवाओं को हथियार देने की मांग करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

इस प्रदर्शन में अविनाश कुमार, कुंदन कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, विकास कुमार, पुरुषोत्तम चौबे, प्रकाश कुमार उर्फ छोटू चिंगारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# बेगूसराय में बीडीओ,सीओ और दारोगा समेत 27 लोगों पर दलित उत्पीड़न मामले में केस दर्ज

**अनुसूचित जाति व जनजाति कोर्ट के आदेश पर साहपुर कमाल थाना में दर्ज हुआ मुकदमा**

**दलितों के घर उजाड़ने के मामले में अब बड़ा एक्शन**

**कुछ लोगों ने मोबाइल फोन से मारपीट का वीडियो बनाने की कोशिश की थी**

**अभियुक्तों ने देख लेने पर उनके साथ मारपीट की व उनका मोबाइल भी छीन लिया**

**दिव्य दिनकर रंजीत विद्यार्थी**




मुंगेर/बेगूसराय। मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत बेगूसराय जिला में दलित समाज के लागों के घर उजाड़ने के मामले में अब बड़ा एक्शन लिया गया है। इस मामले में अब बीडीओ, सीओ और दारोगा समेत 27 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इसके बाद पुरे इलाके में हड़कंप मच गया है। इलाके में हर तरफ इसी खबर को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। यह पूरा मामला बेगुसराय जिले का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बेगूसराय जिले में दलित समाज के लागों के घर उजाड़ने और लूटपाट करने, जातिसूचक शब्द कह अपमानित करने समेत अन्य आरोप में साहेबपुर कमाल बीडीओ, सीओ, दारोगा समेत 27 पर दलित प्रताड़ना की प्राथमिकी साहेबपुरकमाल थाने में दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी अनुसूचित जाति-जनजाति कोर्ट के आदेश पर साहेबपुर कमाल थाने में दर्ज कराई गई है। इसको लेकर प्राथमिकी में पीड़ित साहेबपुर कमाल थाना के पंचवीर गांव निवासी रामेश्वर सदा के पुत्र हरिलाल सदा ने कई लोगों को अभियुक्त बनाया है। उन्होंने जिन लोगों को इस मामले में अभियुक्त बनाया गया है उनमें- बीडीओ राजेश कुमार रंजन, सीओ सतीश कुमार, थाना के दारोगा राकेश कुमार गुप्ता, सीआई अखिलेश राम के अलावा साहेबपुर कमाल थाना के पंचवीर गांव निवासी नासीर उद्दीन का पुत्र मो शहंशाह, मो नईम उद्दीन का पुत्र मो नासीर उद्दीन, मो सयूम का पुत्र मो चांद उर्फ वायरस, डॉ मो निजाम उद्दीन के पुत्र मो गुलाब हसन, मो डॉ निजाम उद्दीन का पुत्र मो इकरामूल हक उर्फ सोना समेत अन्य कई लोग शामिल हैं। बताया जा रहा है कि, प्राथमिकी में पीड़ित हरिलाल सदा ने कहा है कि पंचवीर वार्ड-छह में 50 वर्षों से करीब 100 मुसहर परिवार रह रहे हैं। पांच जून 2023 को सभी आरोपित लाठी डंडा, खंती, ट्रैक्टर, जेसीबी लेकर टोला में आ गए। अभियुक्त नासीर उद्दीन, मो. सदाब उर्फ पिंटू चौधरी, फातमा खातून, गुलाब हसन ने गाली देते हुए बोला कि पहले ही कहते थे कि घर जमीन खाली कर भाग जाओ। नहीं भागे तो मजा चखा देते हैं। इधर, उसने सभी अभियुक्तों को आदेश दिया कि सभी मुसहर का घूर लूट लो व ध्वस्त कर दो। जो विरोध करे उसको जान मार दो। उसके बाद परिवादी, गवाह व अन्य लोगों के घर से सामान लूटपाट करने लगे। साथ ही घर को तोड़फोड़ करने लगे। सामानों को लूटकर ट्रैक्टर पर लाद कर ले गया।

# किसानों को अधिकार देने में केन्द्र और बिहार की सरकार विफल: राम रतन सिंह

**विभिन्न मांगों को लेकर बिहार किसान सभा का समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन**

**नन्दकिशोर दास**



बेगूसराय ब्यूरो। सोमवार को बिहार किसान सभा के द्वारा समाहरणालय के समक्ष दक्षिणी गेट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान नेता रामाधार सिंह ने की एवं मंच संचालन किसान प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने किया।धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा बिहार राज्य के नेता सह तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार हो या बिहार की सरकार दोनों किसानों को उनका अधिकार देने में विफल हैं।सालोंभर किसान कड़ाके की सर्दी, भीषण गर्मी, लू, मुसलाधार बारिश, आंधी तूफान को झेल कर अन्न उपजाते हैं। लेकिन जब उन अन्नदाता किसान के अधिकार की बातें आती है, सरकार उन्हें ना ही फसल क्षतिपूर्ति की मुआवजा देती है और ना ही उनको हक देता है। उन्हीं हक और अधिकार के सवाल पर किसान सभा ने 26 अप्रैल को बिहार भर में आंदोलन किया और आज बेगूसराय के समाहरणालय पर प्रदर्शन हो रहा है। कार्यक्रम को किसान नेता रामाधार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी, किसान नेता सुशील महतो, प्रताप नारायण सिंह, एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा, जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार, टुनटुन दास, अनिल कुमार रमजान, प्रहला सिंह, राजेश शर्मा, बबलू सिंह ने भी संबोधित किया। तेघरा के विधायक राम रतन सिंह और किसान नेता रामाधार सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने फसल की क्षति का मूल्यांकन कर लागत मूल्य के आधार पर मुआवजा देने, फसल क्षतिपूर्ति की मुआवजा बटायेदारों को भी देने, फसल की बीमा लागू करने, प्रखंड स्तर पर किसानों के अनाज का भंडारण हेतु गोदाम का निर्माण करने, सरकारी स्तर पर सभी गांवों में बंद राजकीय नलकूप को चालू करने, बरौनी डेयरी द्वारा लिन सोजन में दिए जाने वाले इंसेंटिव को चालू करने, दुग्ध उत्पादक किसानों के दूध का दाम बढ़ती महंगाई के हिसाब से सुनिश्चित करने, बरौनी दुग्ध उत्पादन केंद्र में करोड़ों के हुए घोटालों का जांच करने सहित 9 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया।

# बिहार के सरकारी स्कूलों में पहुंची बच्चों की किताब, ACS एस सिद्धार्थ ने सभी DEO को दिया टास्क

**पटना**:बिहार के सरकारी विद्यालयों में नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 28 अप्रैल 2025 से 2 मई 2025 तक विशेष अभियान चलाकर छात्रों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की जाएंगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। **छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें की जाएंगी वितरित** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के निदेर्शानुसार बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड द्वारा सभी विद्यालयों को कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक की आवश्यक पाठ्यपुस्तकें पहुंची दी गई हैं। अब यह सुनिश्चित किया जाना है कि ये पुस्तकें प्रत्येक छात्र तक समय पर और व्यवस्थित ढंग से पहुंचे। इसके लिए राज्य भर के सभी विद्यालयों में एक व्यवस्थित वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। **वितरण समारोह में मौजूद रहेंगे अभिभावक** डॉ. एस. सिद्धार्थ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वितरण समारोह में छात्रों के अभिभावकों, माता-पिता और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए ताकि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। समारोह के दौरान छात्रों को पुस्तकों का वितरण उनके अभिभावकों की मौजूदगी में किया जाए। वितरण कार्यक्रम का अलग से डॉक्यूमेंटेशन भी किया जाएगा और जिला स्तर पर समारोह की स्वच्छ और सुंदर तस्वीरें संकलित की जाएंगी। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन के वितरण की रिपोर्ट जिला स्तर पर संकलित कर टेक्स्टबुक कार्यालय को शाम 5 बजे तक भेजी जाए। **पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता पर विशेष जोर** इसके साथ ही वितरण के दौरान पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का भी आदेश दिया गया है। अगर पुस्तक गुणवत्ता के मानक के अनुरुप न हो तो इसकी तत्काल सूचना जिला मुख्यालय और बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड, पटना को तुरंत भेजी जाए ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। शिक्षा विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि इस विशेष अभियान को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाया जाए ताकि छात्रों को शिक्षा सत्र की शुरूआत में ही सभी आवश्यक पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

## विधि व्यवस्था और भूमि विवाद को लेकर पदाधिकारियों की बैठक



**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। सोमवार को एसडीएम सन्नी कुमार सौरव की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था एवं भूमि विवाद मामलों को लेकर बैठक हुई। एसडीएम ने जनता दरबार में आए भूमि विवादों के त्वरित निपटारे और पोर्टल पर अपलोड की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने पारदर्शिता बरतने, पैमाइश, दाखिल-खारिज और लगान निर्धारण में सजगता की बात कही। बखरी में 36, नावकोठी में 10 और गढ़पुरा में 14 मामले पेंडिंग हैं। सीओ को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जरूरत पड़ने पर धारा 126 व 163 लागू करने की हिदायत दी गई। बैठक में एसडीपीओ कुंदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राकेश सिंह ने पंकज कुशवाहा की शादी होने पर बधाई दी



**पटना** , । सोनपुर विधानसभा के दिघवारा में पंकज कुशवाहा के वर वधु स्वागत समारोह मे पंकज बिहारी राम मूर्ति और अमरेंद्र चौरसिया के निमंत्रण पर पहुंचे भाजपा नेता राकेश सिंह ने वर वधु को बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर बधाई और नव जीवन की शुरूआत की शुभकामनायें दिया इस अवसर पर अमन कुमार करण महतो सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मलहद पंचायत के युवाओं के फौजी बनने का रास्ता आसान, मुखिया ने बनवाया जम्पिंग गड्ढा



**रिपोर्ट – अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह( औरंगाबाद )मलहद पंचायत के युवाओं के सेना में भर्ती होने के सपने को साकार करने के लिए मलहद पंचायत के मुखिया संतोष रजक ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने पंचायत में जम्पिंग गड्ढा बनवाया है ताकि युवा दौड़, जमपिंग और शारीरिक फिटनेस की बेहतर तैयारी कर सकें। मुखिया संतोष रजक ने बताया कि गांव के कई युवा फौज में जाने का सपना देखते हैं, लेकिन उचित साधनों की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए मैं अपने बुते जम्पिंग गड्ढा तैयार कराया है। अब गांव के बच्चे व युवा सुबह-शाम अभ्यास कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। गांव के युवाओं में इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मुखिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे पंचायत के युवाओं को सेना में चयनित होने का एक मजबूत अवसर मिलेगा।

## बिना मुआवजा जमीन कब्जे पर भड़के किसान

**सोनबरसा में सीओ और किसानों के बीच जबरदस्त झड़प,आंदोलन तेज करने की चेतावनी।**



**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी से कोलकाता तक बन रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान औरंगाबाद जिले के सोनबरसा गांव में सोमवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कुटुम्बा सीओ चंद्रप्रकाश द्वारा किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने की कोशिश के चलते किसानों और प्रशासन के बीच जमकर झड़प हुई। स्थिति को बिगड़ता देख औरंगाबाद के एसडीएम संजय कुमार पांडेय व एडीएम भी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर सहयोग की अपील की। हालांकि, किसानों ने स्पष्ट कह दिया कि बिना मुआवजा मिले वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे। आक्रोशित किसानों ने ऐलान किया कि प्रशासन को अगर सड़क बनानी है तो पहले उनकी लाशों पर डोजर चलाना होगा। पिछले डेढ़-दो वर्षों से उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं, पर जिला प्रशासन जबरन जमीन कब्जाने पर आमादा है। गत बृहस्पतिवार को भी नबीनगर सीओ निकहत प्रवीन पुलिस बल व कंपनी के मशीनों के साथ पचमों गांव पहुंची थीं, लेकिन भारी विरोध के चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा था। आज जैसे ही सोनबरसा गांव में जबरन भूमि अधिग्रहण शुरू हुआ, वैसे ही आसपास के गांवों–बलिया, महसू, डिहरी, एरका, करमडीह, जोड़ा–के किसान भी इकट्ठा हो गए। प्रदर्शनकारियों ने सीओ और एडीएम के तानाशाही रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय किसान नरेंद्र राय ने आरोप लगाया कि इक्का-दुक्का किसानों को ही मुआवजा मिला है, जबकि प्रशासन जबरन कब्जा कर रही है। भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि बिना मुआवजा भूमि अधिग्रहण नहीं हो सकता, लेकिन प्रशासन पुलिसिया जोर के दम पर किसानों की जमीन हड़प रहा है। साया गांव के किसान अवधेश सिंह ने आंदोलन को तेज करने की अपील करते हुए यहां तक कह दिया कि उचित मुआवजा नहीं मिलने पर किसान आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। भाकियू सदस्य राजकुमार सिंह ने सवाल उठाया कि पोला डिहरी गांव में भूमि अधिग्रहण का दर ३०६२० रुपये प्रति डिसमिल तय किया गया जबकि सोनबरसा में मात्र ८००० रुपये प्रति डिसमिल क्यों तय हुआ? मौके पर पप्पू तिवारी, विजय तिवारी, चंदन तिवारी, मनोज सिंह, अभय सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे और आंदोलन को निर्णायक लड़ाई में बदलने का ऐलान किया।

# जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में मंडे फॉलो अप मीटिंग एवं जिला समन्वय समिति का बैठक आयोजित किया गया

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिला पदाधिकारी श्री श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में मंडे फॉलो अप मीटिंग एवं जिला समन्वय समिति का बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान योजना अंतर्गत आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदन एवं निष्पादन से संबंधित का समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा औरंगाबाद एवं ओबरा प्रखंड में दिनांक-19 अप्रैल को आयोजित शिविर में राशन कार्ड से संबंधित कम आवेदन आने पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिविर से पूर्व आवेदन प्राप्त कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर को निर्देश दिया गया कि आयोजित शिविर में सभी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी स्वयं मौजूद रहकर राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को निष्पादन करायें। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीयों को अपने-अपने विभाग से संबंधित शिविर से प्राप्त आवेदनों को निष्पादन हेतु मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा मंडे फॉल अप मीटिंग में प्राप्त विभागवार एजेंडा का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया एवं निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल के स्तर एवं दाउदनगर अनुमंडल सदर के स्तर पर दायर लंबित परिवाद का पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समीक्षा क्रम में पाया गया जिला में विभिन्न विभागों से सीपीग्राम से संबंधित 04 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 217 आवेदन एवं ₹जनता के दरबार में मुख्यमंत्री₹ कार्यक्रम से संबंधित 69 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं आवासीय/जाति/आय/ओबीसी/ईडब ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड, एलपीसी के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा जिला विधि शाखा में लंबित उहखउ एवं टखउ वादों की विभाग वार समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पीएचडी विभाग समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित वार्डों में छूटे हुए टोलों की संख्या 1163 है। सभी छुटे हुई टोला में कार्य करने हेतु संबंधित अंचल अधिकारियों से एनओसी प्राप्त किया जाना है। जिसमें कुल 644अदद एनओसी प्राप्त है शेष 499 अदद विभिन्न अंचलों से प्राप्त किया जाना बाकी है। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अंचल अधिकारी को यथाशीघ्र एनओसी निर्गत करने का निर्देश दिया गया। समेकित बाल विकास सेवाएं( कूरि ) विभाग का समीक्षा किया गया। समीक्षा क्रम में आंगनबाड़ी भवन की निर्माण, मरम्मती, पेयजल एवं शौचालय आदि की समीक्षा की गयी। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी( कूरि ) द्वारा बताया गया की 174 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु भूमि चयन कर लिया गया है अंचल अधिकारी द्वारा एनओसी की प्रक्रिया अभी बाकी है। इसके अतिरिक्त 173 आंगनबाड़ी केंद्र भवन की मरम्मती हेतु जिला पंचायती राज विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं जिला योजना विभाग के पास प्रस्ताव भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीपीएम (स्वास्थ्य) द्वारा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी नगर निकायों में अर्बन हेल्थ एंड वेयलनेस सेंटर स्थापित किए जाने हैं जिसके लिए 60'40' भूमि की आवश्यकता है व इसके अतिरिक्त माननीय विधायक एवं माननीय विधान परिषद के प्रस्ताव के अनुसार जिले गांव में हेल्थ सेंटर बनाया जाना है जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी को भूमि चयनकर शीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अन्य विभागों का भी समीक्षा किया गया संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता श्री ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री जयप्रकाश नारायण, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला भूर्जन पदाधिकारी श्री सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन श्री विनोद कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, मेराज जमील, सुश्री बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती विनीता कुमारी, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## केसरवानी वैश्य सभा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश**

**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। रविवार की देर रात केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2025 की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना था। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत रूप से पूज्य कश्यप मुन्नी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभी सदस्यों ने श्रद्धा के साथ कश्यप मुन्नी को नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत सम्मान समारोह आरंभ हुआ। जिसमें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों को मोमेंटो एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच से बच्चों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान सभा के अध्यक्ष दिलीप केसरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ होती है। हमें गर्व है कि हमारे समाज के बच्चे निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों का उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि अभिभावकों को भी यह संदेश देते हैं कि शिक्षा सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य सदस्यों में महासचिव गुड्डू केसरी, उपाध्यक्ष रामदयाल केसरी, अधिवक्ता सुरेंद्र केसरी, पूर्व महासचिव सीताराम केसरी, संतोष गुड्डू, प्रेमकिशन मन्नू, जयप्रकाश केसरी, वार्ड पार्षद समीर श्रवण, अभिमन्यु केसरी, सचिन केसरी, अनुराग केसरी, अमरनाथ केसरी, कुंदन केसरी, संध्या केसरी, मेरी केसरी, प्रियंका कुमारी, जगदीश केसरी, पियुष केसरी एवं मुन्ना केसरी शामिल थे। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गौरव कुमार ने बड़े ही संयोजित और आकर्षक ढंग से किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा के लिए भी तत्पर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें सभा के सभी सदस्यों ने ऐसे आयोजनों को लगातार करने की प्रतिबद्धता जताई। ताकि समाज में शिक्षा का स्तर और ऊँचा उठ सके।



## पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा की

**बिहार में चौमुखी विकास स्पष्ट देखा जा रहा है पूर्व विधायक- बिरेन्द्र कुमार सिंह**



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद। नबीनगर के पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद रहे वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा की इस ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान ग्रामीणों से बातचित करते हुए कहा कि आज के बिहार में चौमुखी विकास स्पष्ट देखा जा सकता है। सड़क, बिजली सहित कई बुनियादी चीजें हर जगह पहुंच गई है। जबकि 2005 से पहले सप्ताह में 2 घंटे के लिए बिजली आती थी। लेकिन अब चारों तरफ रोशनी है। यही हाल सड़कों का भी है। बिहार में सड़कों की जाल बिछा हैं। जब एनडीए को बिहार मिला था तब 23000 करोड़ का बजट होता था। अब यह इन 20 सालों में 3 लाख करोड़ रुपए का बजट हो चुका है। अकेले एक शिक्षा विभाग का ही बजट उस समय के बजट से काफी अधिक है। स्वास्थ्य पर हम 20000 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। बिहार के सभी धार्मिक स्थल एवं पर्यटक स्थलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहार का दौरा करते रहते हैं। इसके तहत जहां भी कोई योजनाएं रह जाती हैं उनको पूरा कराते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा वन क्षेत्रों के लिए भी बहुत सारे काम कराए गए हैं ताकि इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने चिरैयाटाड़,धीरी बीघा, ईगुनाही,चरण,गंगहर, लहियारपुर, गाना बीघा, महदेवा, बनहारा,बरडीहा, पुनपुन नगर,अजाद बीघा,नावाडीह, खम्भा, नेपाल बीघा, कोल्ह मंझौली, बिसाई, सोनौरी, सोनौरा, ढेकहा मंझौली एवं रेगनिया गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव,सरपंच संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह,पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव,अशोक कुमार यादव,पंचायत समिति बलवंत कुमार सिंह, मुन्ना सिंह,बारुन प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,अंकोरहा पंचायत प्रभारी नागेन्द्र सिंह, अमोद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, छोटू सिंह, सुजीत कुमार सिंह, सुजीत कुमार चंद्रवंशी, पिंटू यादव, विनोद कुमार सिंह, साधु पाल आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में कई पंचायतों का दौरा लगातार जारी है।

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी राज्य के सर्वांगीण विकास की नई पटकथा लिखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। डबल इंजन की एनडीए सरकार बिहार में परिवर्तन और प्रगति की नई लकीर खींच रही है। अभी हाल ही में मधुबनी में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगभग 13,500 करोड़ रुपये की लागत से गैस, बिजली और रेलवे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में बिहार को अंधकार और बदहाली से निकालकर विकास के पथ पर अग्रसर किया है। केंद्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की डबल इंजन वाली सरकार है, तो बिहार दोगुनी रफ्तार से प्रगति कर रहा है। हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बैरिया पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने बढ़की रेगनिया, रूपन बीघा, रघु बीघा, बड़हारा, औसान, शाहपुर, तमसी, बगाही, चान्दपुर भटौलिया, पिपरा, बैरिया, बैरवा लोकनाथ, कुलहड़िया, कर्मा विश्रामपुर, पोला एवं बभंडी बभण्डीहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बृजमोहन मेहता, राजपुर मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह, जदयू युवा नेता रंजीत सिंह, बारून प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बैरिया पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पासवान, अंकोरहा पंचायत प्रभारी नरेंद्र सिंह, विनय सिंह, जयराम सिंह, वार्ड सदस्य अमरेंद्र पाल, वार्ड सदस्य महेश मेहता, राजा कुमार,रंजीत कुमार सिंह,अजय चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# मीडिया संवाद: धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

**वैशाली समाज कल्याण संस्थान ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान**

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन वैशाली समाज कल्याण संस्थान ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया है। संगठन के सी.ई.ओ सह प्रोजेक्ट प्रबंधक कौशल किशोर विकल ने कहा कि धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला इस अक्षय तृतीया को जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होगा। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के बेगूसराय में सहयोगी संगठन वैशाली समाज कल्याण संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है। धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहितों के बिना संपन्न नहीं हो सकता। हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। जिले में तमाम मंदिरों, मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिनपर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया कैम्पेन चला रहा है।जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है। जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं। पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन वैशाली समाज कल्याण संस्थान ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझाकर अकेले 2023-24 में ही जिले में 21 बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेनः टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। वैशाली समाज कल्याण संस्थान के सी.ई.ओ सह प्रोजेक्ट प्रबंधक कौशल किशोर विकल ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया। क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से कम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त बेगूसराय के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। इस अभियान को समर्थन देने के लिए जिले के जानेमाने समाजसेवी नगर निगम बेगूसराय 35 के वार्ड पार्षद डा शगुफ्ता ताजवर, पूनम कुमारी वार्ड पार्षद, संख्या 26, मुस्लिम धर्मगुरु मो मोजाहिद, अनुपम कुमार, कांग्रेस नेता, पूजा कुमारी वार्ड संख्या 21, पंडित नित्यानंद झा, सिद्धांत कुमार, प्रोजेक्ट समन्वयक, राजमणि रंजन सपोर्ट परसन, सरिता कुमारी समुदायिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## पहलगाम अटैक के बाद बॉलीवुड सिंगर्स का बड़ा फैसला,

# श्रेया घोषाल

## से अरिजीत सिंह तक ने कैंसल किए कॉन्सर्ट

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद से तनाव की स्थिति देखने को मिल रही है. भारत और पाकिस्तान के रिश्ते अब फिर से एक बार पटरी से उतर गए हैं. भारत में इस टेरर अटैक का पुरजोर विरोध देखने को मिल रहा है. अब बॉलीवुड के एक्टर्स के बाद इंडस्ट्री के म्यूजिशियन्स और सिंगर्स ने भी इस घटना का विरोध किया है और अपने तरीके से शोक व्यक्त किया है. बीते दिनों कई सारे सिंगर्स ने पहलगाम अटैक के बाद से बड़ा निर्णय लिया है और अपने शोज कैंसल कर दिए हैं. इस दुख की घड़ी में कोई भी उत्सव नहीं मनाना चाहता है. इन सिंगर्स में अरिजीत सिंह से लेकर श्रेया घोषाल तक का नाम शामिल है.

**रैपर एपी ढिल्लों ने रद्द किया एल्बम लॉन्च**

22 अप्रैल 2025 का दिन देश के इतिहास में काला दिन साबित हुआ. इस दिन इंसानियत शर्मशार हुई. कुछ आतंकवादियों ने अचानक पहलगाम के पर्यटकों पर हमला बोल दिया और उनका धर्म पूछकर गोली मारी. इस हादसे के बाद से कश्मीर में वापस लौट रही खुशहाली एक बार फिर से मातम में बदल गई. ऑफिशियल आकड़ों की मानें तो हमले में 28 बेकुसूरों की जान चली गई. इसके बाद से शोक व्यक्त करते हुए सिंगर एपी ढिल्लों ने अपना एल्बम लॉन्च रद्द कर दिया. उन्होंने सोशल मीडिया पर नोट शेयर करते हुए लिखा- पहलगाम में मारे गए बेकुसूर लोगों के सम्मान में मैं आने वाली नोटिस तक अपना एल्बम रिलीज पोस्टपोन करता हूं. जो लोग भी इसमें प्रभावित हुए हैं उनके लिए मेरी संवेदनाएं हैं.



**कैंसल हुए श्रेया घोषाल-अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट्स**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंदौर स्टेडियम में शनिवार के दिन सिंगर श्रेया घोषाल का 'ऑल हार्ट टूर' कॉन्सर्ट होना था जिसे इस हादसे के बाद कैंसल कर दिया गया. श्रेया ने इसपर स्टेटमेंट जारी करते हुए लिखा- हाल में हुए भयावह इंसिडेंट के बाद से ऑर्गेनाइजर्स और आर्टिस्ट्स ने मिलकर ये फैसला लिया है कि वे आगामी कॉन्सर्ट को कैंसल कर रहे हैं. ये शो 26 अप्रैल 2025 को शनिवार के दिन सूरत में होना था. जिन लोगों का टिकट्स का पैसा लगा है उन्हें फुल रिफंड मिल जाएगा.

**अंदाज अपना अपना की स्क्रीनिंग से आमिर ने बनाई दूरी**

इसके अलावा फेमस सिंगर अरिजीत सिंह का बड़ा कॉन्सर्ट चेन्नई में रविवार 27 अप्रैल 2025 के दिन होने वाला था. लेकिन पहलगाम घटना का हवाला देते हुए ये कॉन्सर्ट भी रद्द कर दिया गया. वहीं साउथ फिल्मों के नामी म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध रविचंदर के साथ भी ऐसा ही देखने को मिला. उन्होंने बेंग्लुरु में होने वाला अपना हुकुम टूर भी कैंसल कर दिया. वहीं बॉलीवुड सिंगर पापोन ने भी 26 अप्रैल 2025 को होने वाला अपना अहमदाबाद का शो रद्द कर दिया. इसके अलावा बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने भी लाइमलाइट से दूरी बना ली. उन्होंने अंदाज अपना अपना फिल्म के रीरिलीज की स्पेशल स्क्रीनिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई.



## भारत छोड़ लंदन शिफ्ट क्यों हुए

# विराट-अनुष्का

## इस दिग्गज एक्ट्रेस के पति ने खोल दिए सारे राज

बीते करीब एक साल में मशहूर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को कई दफा लंदन में देखा गया है. दोनों के लंदन में शिफ्ट होने की अटकलें लगाई जा गईं. वहीं अब दोनों के लंदन में शिफ्ट होने पर मुहर भी लग गई है. बॉलीवुड और क्रिकेट की इस सुपरस्टार जोड़ी के भारत छोड़कर लंदन में सेटल होने का खुलासा किया है दिग्गज एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के पति डॉ श्रीराम नेने ने. साथ ही उन्होंने कपल के भारत छोड़ने की वजह भी बताई है.



**भारत छोड़ लंदन शिफ्ट क्यों हुए विराट-अनुष्का ?**

अनुष्का और विराट के भारत छोड़कर लंदन में रहने को लेकर श्रीराम नेने ने बड़ा खुलासा किया है. श्रीराम नेने ने एक इंटरव्यू में कहा, मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है. हम उनसे कई बार मिल चुके हैं. वो बहुत अच्छे इंसान हैं. मैं आपको कुछ बताऊंगा और यही आपको सीखने को मिलेगा. हमने एक दिन अनुष्का से बातचीत की, और यह बहुत दिलचस्प थी. वो दोनों लंदन जाने के बारे में सोच रहे थे, क्योंकि वो अपनी सफलता का आनंद नहीं ले पा रहे थे इंडिया में. हम उनकी इस परेशानी की तारीफ करते हैं, क्योंकि वो जो कुछ भी करते हैं, वह ध्यान आकर्षित करता है. हम लगभग अलग-थलग पड़ जाते हैं.

**बच्चों को सामान्य और साधारण जीवन देना चाहते हैं**

अनुष्का और विराट ने ये फैसला अपने दोनों बच्चों को बेहतर परवरिश और सामान्य जीवन देने के लिए भी लिया है. माधुरी के पति और कार्डियक सर्जन डॉ श्रीराम नेने ने आगे बताया, मैं सबके साथ घुल-मिल जाता हूं. मैं काफी बिंदास हूं, लेकिन ये भी चैलेंजिंग हो जाता है. हमेशा एक सेल्फी मोमेंट होता है. ये बुरी तरह से नहीं है, लेकिन एक समय ऐसा आता है जब आप अपने परिवार के साथ डिनर या लंच पर होते हैं और आपके पास कोई सेल्फी लेने आता है तो आपको विनम्र होना पड़ता है. मेरी पत्नी के लिए, यह एक मुद्दा बन जाता है, लेकिन अनुष्का और विराट काफी अच्छे लोग हैं और वो अपने बच्चों को सामान्य तरीके से पालना चाहते हैं.

**2017 में हुई थी विराट-अनुष्का की शादी**

अनुष्का और विराट ने एक दूसरे को साल 2013 से डेट करना शुरू किया था. करीब चार साल की डेटिंग के बाद कपल ने 2017 में इटली में धूमधाम से शादी रचा ली थी. 2021 में कपल ने बेटी वामिका और 2024 में बेटे अकाय कोहली का वेलकम किया.

## शाहरुख ने कुछ समय के लिए मन्नत क्या छोड़ा इन लोगों को हो गया भारी नुकसान, लगी लाखों की चपत



शाहरुख खान देश के ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने फर्श से अर्श तक का सफर तय किया है. आज वे देश के सबसे कामियाब एक्टर्स में से एक माने जाते हैं. सुपरस्टार की पॉपुलैरिटी सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि भारत के बाहर भी है. शाहरुख खान के घर मन्नत के बाहर उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लाइन लगती है. इतनी भीड़ आती है कि पांव जमीन पर रखना भी मुश्किल हो जाता है. लेकिन फिलहाल मन्नत की गलियां सूनी पड़ी हैं. वजह है कि शाहरुख खान अपने परिवार के साथ दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं. इस वजह से वहां पर लोगों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली है. और इसका सीधा नुकसान आस-पास के वेंडर्स को भुगतना पड़ रहा है.

**आस-पास के वेंडर्स को हो रही तकलीफ**

हाल ही में एक सर्वे में सामने आया था कि शाहरुख खान का मन्नत देश की थर्ड मोस्ट फोटोग्राफ्ड प्लेसेज में से एक है. मन्नत में शाहरुख खान काफी समय से अपने परिवार के साथ रह रहे हैं. इस जगह पर उनसे मिलने के लिए, उनकी एक झलक पाने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. लेकिन फिलहाल शाहरुख के मन्नत का रिनोवेशन चल रहा है. इस वजह से वे मौजूदा समय में फैमिली के साथ दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं. ऐसे में मन्नत में नजर आने वाला लोगों का भारी हुजूम कम पड़ गया है. इसका सीधा नुकसान वहां पर आस-पास रेड़ी लगाने वाले लोगों पर पड़ रहा है.

**शाहरुख नहीं तो मन्नत कुछ नहीं...**

एक आइसक्रीम वेंडर ने बातचीत के दौरान बताया कि कुछ दिनों में ही भारी बदलाव हो गया. चूंकि शाहरुख खान हैं नहीं इसलिए ज्यादा लोग नहीं आ रहे हैं. एक दूसरे वेंडर ने कहा कि पहले ऐसा होता था कि लोग आते थे तो अच्छे खासे समय के लिए रुककर भी जाते थे. लेकिन अब जैसे ही लोगों को पता चलता है कि शाहरुख खान मन्नत में नहीं रह रहे हैं तो ऐसे में लोग रुकते भी नहीं हैं और तुरंत चले जाते हैं. लोग टैक्सी और ऑटी को रोकते भी नहीं हैं और बैठे-बैठे ही निकल जाते हैं. शख्स ने कहा कि शाहरुख खान है तो मन्नत है नहीं तो ये जगह कुछ भी नहीं है. शाहरुख की बात करें तो वे अबराम, सुहाना, आर्यन और गौरी खान के साथ बांद्रा के पाली हिल में शिफ्ट हो गए हैं.

## सुसाइड या एक्सीडेंट? कैसे हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मिशा अग्रवाल की मौत? दोस्त ने बता दी वजह



सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मीशा अग्रवाल ने 24 अप्रैल को दुनिया से अलविदा कह दिया है. इस बात की कंफर्मेशन उनके परिवार की तरफ से मिली है. मीशा कॉमिक कंटेंट बनाने के लिए जानी जाती थी. हालांकि, किसी को ये नहीं पता था कि आखिर वो किस सिचुएशन से गुजर रही हैं. मौत की खबर सामने आने के बाद हर तरफ सिर्फ ये सवाल उठ रहा है कि आखिर अचानक से ऐसा कैसे हो गया, इसी बीच मीशा की फ्रेंड ने एक बड़ा हिंट दिया है.मीशा के बारे में बात करें, तो वो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली थीं. काफी वक्त से मीशा ने सोशल मीडिया पर अपनी कमाल की पहचान बनाई हुई है. यूट्यूब पर मीशा ने साल 2017 पर द माशी अग्रवाल शो के नाम से चैनल शुरू किया था. इंस्टाग्राम पर भी मीशा के अच्छे खासे फॉलोवर्स थे. 26 अप्रैल को मीशा अपना 25वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाली थीं, हालांकि उससे 2 दिन पहले ही उनके परिवार ने उनकी डेथ की खबर दे दी. हालांकि, परिवार की तरफ से मीशा की डेथ की कोई भी वजह नहीं बताई गई थी. लेकिन, मीशा की फ्रेंड मीनाक्षी भेरवान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में उनकी डेथ की वजह बताई है.

**दोस्त ने स्टोरी की थी शेयर**

दरअसल मीनाक्षी ने स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, कल से ही मुझे कई सारे मैसेज मिल रहे हैं, जिसमें पूछा जा रहा है कि क्या हुआ. वह अब हमारे साथ नहीं है, और जिस तरह से वह चली गई, उससे हम में से कई लोग बुरी तरह से हिल गए और सभी का दिल टूट गया है. हम में से किसी ने भी यह नहीं देखा कि उसने 4 अप्रैल के बाद से कोई पोस्ट नहीं किया है और ऑनलाइन इतना एक्टिव रहने वाले शख्स के लिए ये बहुत कुछ कहता है. सुबह से ही, मेरा इनबॉक्स हर जगह से आने वाले प्यार से भर गया है, मैं बस यही चाहता हूं कि काश वो इसे देख सकती. उसको ये एहसास नहीं हुआ कि जो कुछ भी वो फील कर रही थी, उसकी जिंदगी उससे कई ज्यादा बड़ी थी. तुम्हारी याद आती है, तुमसे प्यार किया जाता है और मुझे उम्मीद है कि तुम्हें शांति मिली होगी.

**मेंटली तौर पर थीं परेशान**

मीशा की दोस्त की इस स्टोरी के बाद से ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि मीशा मेंटली तौर पर सही फील नहीं कर रही थीं. हालांकि, उनकी डेथ की पोस्ट में भी कई सारे लोगों ने उनके सुसाइड करने की बात कही है और अब उनकी दोस्त की स्टोरी से भी ये चीज साफ हो रही है. मीशा लॉ की स्टूडेंट थी, हालांकि, पढ़ाई के साथ उन्होंने कंटेंट क्रिएटर के तौर पर भी अपना करियर बनाने की पूरी कोशिश की. हालांकि, वो एक हद तक सफल भी रहीं. इंस्टाग्राम की बात करें, तो उन्हें 3 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं.